
दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




प्रेम कीटाणु का टीजर रिलीज, दोस्ती के किस्से और प्यार के लफड़े

40 की उम्र में कोई टाइमलाइन नहीं


वर्ष : 12 | अंक : 236 | लखनऊ, 20 अगस्त, गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


## खबर संक्षेप

### पूर्व एमएलसी पाठक समेत 10 को उम्रकैद



**औरैया।** जिले के सबसे चर्चित और सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड मामले में बुधवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। अदालत ने सपा के पूर्व एमएलसी कमलेश पाठक, उनके भाई व पूर्व ब्लॉक प्रमुख संतोष पाठक, भाई रामू पाठक समेत 10 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इन पर दोष पाया गया।

### टीएमसी सांसद महुआ के खिलाफ अरेस्ट वारंट



**कोलकाता।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ कृष्णानगर कोर्ट ने अरेस्ट वारंट जारी किया है। उन्हें इंडियन आर्मी के बारे में आपत्तिजनक और भद्दे कमेंट करने के आरोप में पेश होने के लिए कहा गया था। कोर्ट ने इसके बाद सांसद के खिलाफ यह कार्रवाई की है।महुआ पर इंटरव्यू में इंडियन आर्मी के बारे में विवादित कमेंट का आरोप था।

### ग्राहम स्टेंस हत्याकांड माझी को फटकार लगी




**नई दिल्ली।** 1999 के ग्राहम स्टेंस हत्याकांड के दोषी दारा सिंह के रिहाई आवेदन पर फैसला न लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने ओडिशा सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने सरकार को अंतिम अवसर देते हुए सुनवाई 2 सितंबर के लिए टाल दी है। सिंह ने 26 साल जेल में बिताने के आधार पर रिहाई मांगी है। सिंह ने 2024 में याचिका दी थी।

### जहरीली शराब से 2 की मौत, 19 भर्ती



**भावनगर।** गुजरात के भावनगर जिले में कथित तौर पर नकली शराब पीने से 2लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने 4शराब तस्करों को हिरासत में लिया है। खारकड़ी गांव में कुछ लोगों ने एक नामी शराब ब्रांड की नकली बोतल से शराब पी थी। उनकी तबीयत बिगड़ने लगी।

### कंगना ने बाबा रामदेव को पढ़ाया चरित्र का पाठ



**मुंबई।** कंगना रनौत ने बाबा रामदेव की प्रतिक्रिया के बाद उन्हें करारा जवाब दिया है। कंगना ने कहा है कि बाबाजी मेरी जवानी या बेडरूम के सपने न देखें और न ही उन्हें चरित्र का पाठ पढ़ाएं। रामदेव ने हाल ही कंगना के 'गटर छाप' बयान पर रिएक्ट करते हुए उनकी निजी जिंदगी पर सवाल उठाए थे और बिगड़े दिमाग की निशानी बताया था। इसी का पलटवार है।

---

सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से मांगा जवाब

## नीट सिस्टम सुधारने को क्या किया, 3 हफ्ते में दें हलफनामा



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए ) से नीट परीक्षा में सुधार को लेकर उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी है। कोर्ट ने खास तौर पर पूछा है कि राधाकृष्णन समिति और नंदन नीलेकणि समिति की सिफारिशों को लागू करने के लिए अब तक क्या किया गया है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ सुनवाई कर रही थी।

पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से नया हलफनामा दाखिल करने को कहा है। हलफनामा 3 सप्ताह के भीतर दाखिल करना होगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने स्थाई व्यवस्था करने को कहा

कोर्ट ने कहा कि नीट परीक्षा में सुधारों को केवल कागजों तक सीमित रखने के बजाय उन्हें स्थायी व्यवस्था का हिस्सा बनाने की जरूरत है। पीठ ने राधाकृष्णन समिति की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि समिति ने सही तौर पर इसे एक व्यवस्था से जुड़ी समस्या माना है और इसे स्थायी रूप से लागू करना अहम हिस्सा है।कोर्ट ने यह भी कहा कि कागज पर प्रक्रिया अच्छी दिखाई देती है, लेकिन एक परीक्षा के बाद अगली परीक्षा तक स्थिति पूरी तरह बदल सकती है। मेहता ने नीट प्रश्नपत्र की छपाई से लेकर छात्रों तक पहुंचने तक अपनाई जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा के लिए मौजूद व्यवस्था बहुत मजबूत है और उसमें सेंध लगाना मुश्किल है।

### सरकार की ओर से बताया गया

- कई मॉडरेटरों से प्रश्नों का बैंक तैयार कराया जाता है।
- मॉडरेटरों को यह जानकारी नहीं होती कि इनमें से कौन से प्रश्न अंतिम प्रश्नपत्र में शामिल होंगे।
- नीट प्रश्नपत्र ले जाने वाले वाहनों में जीपीएस लगा होता है।
- वाहनों की छोटी से छोटी गतिविधि भी दर्ज की जाती है।
- प्रश्नपत्र की छपाई से लेकर छात्रों तक पहुंचने तक कई स्तरों पर सुरक्षा उपाय अपनाए जाते हैं।

### परीक्षा प्रक्रिया में सुधार

- डेटा सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करना
- एनटीए की संरचना और काम करने के तरीके में सुधार
- अब सुप्रीम कोर्ट यह जानना चाहता है कि समिति की सिफारिशों को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बेहतर कनेक्टिविटी के लिए लिया निर्णय

# 13,000 करोड़ रुपए से किया जाएगा रेल और सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास

बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में अहम पहल

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी

इसे गतिशक्ति के अनुरूप बताया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए रेल और सड़क परियोजनाओं के लिए 13,000 करोड़ से अधिक की नई मंजूरियां दी हैं।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद इन फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि यह निवेश देश के महत्वपूर्ण हिस्सों में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा और आर्थिक विकास को गति देगा।

इन सभी रेल और सड़क परियोजनाओं को मिलाकर कुल निवेश 13,041 करोड़ से अधिक है। इस बड़े पैमाने पर किया गया निवेश न केवल देश के विभिन्न हिस्सों को बेहतर ढंग से जोड़ेगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा और औद्योगिक विकास को गति देगा। यह कदम 'गति शक्ति' जैसे राष्ट्रीय अवसंरचना मास्टर प्लान के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना और देश की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है।

### प्रमुख रेल परियोजनाएं

- सरकार ने देश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में रेल नेटवर्क को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया है। विभिन्न रेलवे लाइनों के दोहरीकरण और चौगुनीकरण से माल ढुलाई और यात्री ट्रेनों की गति में तेजी आएगी
- खड़गपुर - भद्रक (रणिताल) चौथी लाइनः यह परियोजना 3,352 करोड़ की लागत से पूरी की जाएगी।
- भद्रक - हरिदासपुर चौथी लाइनः इस लाइन के विस्तार पर 1,583 करोड़ खर्च होंगे।
- गुम्मडिपूंडी - गुडूर तीसरी और चौथी लाइनः दक्षिण भारत में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए इस परियोजना पर 2,229 करोड़ का निवेश किया जाएगा।

### ये भी

- *कटक - पारादीप तीसरी और चौथी लाइनः यह महत्वपूर्ण परियोजना 2,286 करोड़ की लागत से पूरी होगी, जो ओडिशा के औद्योगिक और बंदरगाह क्षेत्रों के लिए अहम है।*

### सड़क मार्ग पर भी बड़ा निवेश

रेलवे के साथ सरकार ने सड़क अवसंरचना को भी प्राथमिकता दी है। बिहार में मुजफ्फरपुर से सीतामढ़ी होते हुए सोनबरसा तक चार-लेन राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना पर 3,591 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे इस क्षेत्र में सड़क संपर्क में उल्लेखनीय सुधार होगा और व्यापार व पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

#### बिहार को मिला सबसे बड़ा तोहफा

रेल मंत्रालय की लगभग 9,450 करोड़ की कुल लागत वाली चार परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके अलावा कैबिनेट में बिहार को भी बड़ा तोहफा दिया है।केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार में एनएच -22 के मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-सोनबरसा खंड को चार लेन में बदलने को मंजूरी दी है। इस पर 3591 करोड़ खर्च किए जाएंगे, जो बाकी चार रेल परियोजनाओं की लागत से ज्यादा है। बिहार की इस सड़क परियोजना को सबसे ज्यादा पैसे आवंटित किए गए हैं। सभी पांचों परियोजनाओं पर कुल 13,041 करोड़ रखर्च किए जाएंगे।

### सांस्कृतिक और धार्मिक जगहों तक पहुंच आसान

यह प्रोजेक्ट औद्योगिक क्षेत्रों और प्रमुख रेलवे स्टेशनों सहित मुख्य आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक्स केंद्रों तक कनेक्टिविटी में सुधार करके मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन को बढ़ावा देगा। बेहतर कनेक्टिविटी से सामान और खेती से जुड़े सामान की सप्लाई चेन को आसानी से लाने-ले जाने में मदद मिलेगी, इलाके की आर्थिक तरक्की को बढ़ावा मिलेगा, और बौद्ध सर्किट और सीतामढ़ी में ऐतिहासिक जानकी पुनौरा धाम मंदिर जैसी अहम सांस्कृतिक और धार्मिक जगहों तक पहुंच आसान होगी।

**3590.73 करोड़ की लागत**

आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि यह प्रोजेक्ट हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर कुल 3590.73 करोड़ की लागत से विकसित किया जाएगा और इसकी कुल लंबाई 82.578 किलोमीटर होगी। यह प्रस्तावित प्रोजेक्ट रणनीतिक और आर्थिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बिहार के बढ़ते नेशनल हाईवे नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।

### कहां-कहां से गुजरेगी सड़क

बयान के अनुसार, इस प्रोजेक्ट से मुजफ्फरपुर, मकसूदपुर, रुन्नी सैदपुर, थुम्मा, डुमरा, भुताही और सोनबरसा जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में भीड़-भाड़ काफी कम हो जाएगी। उम्मीद है कि इस प्रोजेक्ट से यात्रियों और माल की आवाजाही तेज और सुरक्षित होगी, यात्रा की क्षमता बेहतर होगी और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इसे 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार और 80 किमी प्रति घंटे की औसत रफ्तार के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें कोई 'एट-ग्रेड मीडियन ओपनिंग' (सड़क के बीच में कट) नहीं होगी, जिससे तेज और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित होगी।

### आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत आधार बनेगा

यह निर्णय देश के आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा। इन परियोजनाओं के समय पर पूरा होने से माल और यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी, जिससे अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलेगा।

---

दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक आज

## शाह करेंगे इसकी अध्यक्षता, राज्यों के प्रस्तावित मुद्दों पर करेंगे 'चर्चा'

अब तक 69 बैठकें हो चुकीं

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 20 अगस्त को तमिलनाडु के महाबलीपुरम में दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरलम, तमिलनाडु, तेलंगाना राज्य और पुडुचेरी, अंडमान निकोबार द्वीप समूह एवं लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र शामिल हैं। क्षेत्रीय परिषदें मजबूत राज्य ही मजबूत राष्ट्र बनाते हैं की भावना से काम करती हैं। सभी राज्य सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से पिछले लगभग बारह वर्षों में (जून 2014 से अब तक) विभिन्न क्षेत्रीय परिषदों और इनकी स्थायी समितियों की कुल 69 बैठकें आयोजित हुई है।

### देश के सामने 'टीम भारत' की कल्पना

क्षेत्रीय परिषद ने मुख्य सचिवों के स्तर पर एक स्थायी समिति का भी गठन किया है। राज्यों द्वारा प्रस्तावित मुद्दों को पहले क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति के समक्ष चर्चा के लिए प्रस्तुत किया जाता है, जिसमें विचार होने के बाद शेष बचे मुद्दों को क्षेत्रीय परिषद की बैठक में विचार के लिए प्रस्तुत किया जाता है। प्रधानमंत्री ने सहकारी संघवाद के आधार पर देश के सामने 'टीम भारत' की कल्पना रखी है और क्षेत्रीय परिषदें इस दिशा में अहम योगदान दे रही हैं। परिषदें दो या अधिक राज्यों अथवा केंद्र और राज्यों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर, संवाद और चर्चा के लिए एक व्यवस्थित तंत्र, तथा इसके जरिये आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए मंच प्रदान करती हैं।

---

सस्ती दवा, महंगा ब्रांड, करोड़ों का खेल

## 'एफडीए' ने कर्नाटक में 4.91 करोड़ की नकली दवाएं जब्त की

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



कर्नाटक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के ड्रग एनफोर्समेंट विंग ने जांच अभियान के दौरान 4.91 करोड़ से अधिक कीमत की नकली दवाएं जब्त की हैं। बेंगलुरु दक्षिण जिले के बिदादी स्थित कुरुबाराकेरेनाहल्ली के एक फार्महाउस में बिना लाइसेंस दवाओं की रीपैकेजिंग और रीलेबलिंग का काम चल रहा था।

### सस्ती दवाओं को महंगे ब्रांड की शक्ल दी

जांच में सामने आया कि फार्महाउस में दूसरे राज्यों से सस्ती दवाएं मंगाई जाती थीं। इसके बाद उन्हें नई शीशियों में भरकर ऐसे लेबल लगाए जाते थे, जिससे वे महंगी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के ब्रांड और आयातित दवाओं जैसी नजर आएं। विभाग के कमिश्नर श्रीनिवास के. ने कहा कि नकली दवाओं में प्रभावी औषधीय सामग्री नहीं होती या उनमें गलत अथवा हानिकारक पदार्थ हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस काम में इस्तेमाल किए जा रहे लेबल पर दिए गए स्कैनिंग कोड भी काम नहीं कर रहे थे।

---

शहजाद पूनावाल ने रखी बड़ी शर्त

## कांग्रेस में शामिल होऊंगा, राहुल सोनिया और प्रियंका को हटाएं

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



शहजाद पूनावाला ने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पूनावाला ने कहा कि उन्होंने आर्थिक और व्यक्तिगत मजबूरियों की वजह से इस्तीफा दिया है। कांग्रेस में जाने की संभावनाओं को उन्होंने खारिज कर दिया। एक इंटरव्यू में शहजाद ने कहा कि भाजपा हित कोई भी सियासी दल प्रवक्ताओं को वेतन नहीं देते हैं।मुझे किराया देना है। वह मुझसे हर महीने की पहली तारीख को किराया मांग रहा है।

### नेहरू के कामों पर माफी मांगें

कांग्रेस में वापस लौटने की संभावना को खारिज करते हुए शहजाद ने अपनी शर्तें बताईं, जिनके पूरा होने पर ही उनका मन बदल सकता है। पूनावाला ने चुटकी लेते हुए कहा कि मैं कांग्रेस में शामिल होऊंगा, लेकिन एक शर्त पर, राहुल गांधी को हटाओ, सोनिया गांधी को हटाओ, प्रियंका वाड्रा को हटाओ और नेहरू के कामों के लिए माफी मांगो।

---

### संधु- रेखा ने इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को 200 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई। दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में बसों की संख्या लगभग 6,800 हो गई। नई 200 बसों में से 56 'लेडीज़ स्पेशल' बसें हैं। सीएम गुप्ता ने कहा कि आज शुरू की गई सभी पहल में से, महिला 'लेडीज़ स्पेशल' बसें मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से और सरकार के लिए सबसे अहम हैं। मुझे अपने छात्र दिनों के दौरान कॉलेज और घर जाने के लिए विश्वविद्यालय की विशेष बसों का उपयोग करना याद है, लेकिन पिछले 28 वर्षों से ये बसें उपलब्ध नहीं थीं।

---

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में बोले अध्यक्ष खरगे

## सरकार ने युवाओं को हताशा के दलदल में धकेला

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की नई दिल्ली के इंदिरा भवन में बड़ी बैठक हुई। बैठक में देश के मौजूदा राजनीतिक हालात के अलावा पेपर लीक, छात्रों का प्रदर्शन, छात्रों पर बल प्रयोग, छात्रों की गूंज, ओबीसी जनगणना और राम मंदिर चढ़ावा चोरी सहित कई मुद्दे को लेकर आगे की रणनीति पर मंथन किया गया।

इसमें कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि संसद सत्र खत्म होने के बाद हम लोग पहली बार मिल रहे हैं। खरगे ने कहा कि दुनिया का सबसे युवा देश भारत ही है और युवा हमारा भविष्य हैं, पर सरकार की गलत नीतियों ने हमारे युवाओं को भारी हताशा के दलदल में धकेल दिया है।

बैठक में पेपर लीक, छात्रों का प्रदर्शन और चढ़ावा चोरी आदि मुद्दों पर किया मंथन



### कांग्रेस ने नौजवानों को सदा केंद्र में रखा

सांप्रदायिक उन्माद और रेवड़ी कल्चर की होड़ में सबसे अधिक उपेक्षा युवाओं के शिक्षा और रोजगार की हुई है। इस मौके पर मैं राजीव गांधी जी का खासतौर पर स्मरण करना चाहूंगा। गुरुवार को उनकी जन्म जयंती है। उन्होंने प्रचंड बहुमत की सरकार में रहते हुए अपनी नीतियों के केंद्र में नौजवानों को रखा था।

### यूपीए सरकार में शिक्षा अधिकारों को मिली रफ्तार

खरगे ने कहान कि यूपीए सरकार में शिक्षा अधिकार से लेकर संस्थाओं के निर्माण और विकास को गति मिली, लेकिन जब युवाओं पर चर्चा होती है तो हमारे कई साथी, इन बातों को मजबूती से नहीं रखते हैं, जबकि ये हमारी बड़ी उपलब्धियां हैं। इसी के साथ आईटी और संचार क्रांति की भी बड़ी उपलब्धि है, जिसने 21वीं सदी के भारत को शक्ति दी।

### मोदी सरकार में युवाओं का भविष्य हुआ तबाह

खरगे ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में मोदी सरकार ने युवाओं के भविष्य को तबाह कर दिया है. नए स्कूल खुलने की जगह 94 हजार स्कूल हाल के सालों में बंद हो गए हैं। निजीकरण की होड़ में उच्च शिक्षा लगातार महंगी और आम परिवारों की पहुंच से बाहर होती जा रही है। शिक्षा संस्थानों में आरएसएस के लोगों का कब्जा होता जा रहा है। इस हालात में भी जब पढ़-लिख कर युवा नौकरी की तलाश में निकलता है तो पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में घोटाला और नियुक्तियों में देरी से उसका सामना होता है।

## स्कूटी सवार बदमाशों ने महिला के गले से झपट्टा मारकर सोने की चैन छीन कर फरार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े स्कूटी सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की चेन झपट्टा मारकर छीन ली और स्कूटी सहित फरार हो गए। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। इस मामले में पीड़ित महिला के पति सरोजनीनगर के शांति नगर निवासी चन्द्रपाल सोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चंद्रपाल के मुताबिक मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उनकी पत्नी मीरा वर्मा किरायेदार सुमन यादव के साथ दवा लेने घर से बाहर निकली थीं। इस दौरान उनका बेटा रमन वर्मा कार स्टार्ट कर रहा था। तभी ग्रे रंग की स्कूटी पर सवार एक व्यक्ति वहां आकर रुका, जबकि उसका साथी पीछे से आया और झपटा मारकर मीरा वर्मा के गले से सोने की चेन खींच ली। इसके बाद दोनों बदमाश स्कूटी से होटल एलिसन ग्रैंड की ओर भाग निकले। पीड़ित ने आनन-फानन डायल 112 पर इसकी सूचना दी। सूचना के बाद पहुँची पुलिस ने आसपास कांबिंग की, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे बदमाशों की तलाश कर रही है।

## चोरों ने एयरफोर्स कर्मी के घर को निशाना बनाकर गैस सिलेंडर और नकदी किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते दिनों अज्ञात चोरों ने एयरफोर्स कर्मी के घर को निशाना बनाकर कपड़े, गैस सिलेंडर और नकदी चोरी कर ली। जानकारी होने के बाद पीड़ित के बहनोई ने बिजनौर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर के सिसेण्डी रोड स्थित यूनिमैक्स सिटी कॉलोनी निवासी छत्रपाल ओझा के मुताबिक उनके साले अभिषेक दुबे एयरफोर्स में कार्यरत हैं। छत्रपाल का कहना है कि 13 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने उनके घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। छत्रपाल का कहना है कि चोर घर से कुछ कपड़े, गैस सिलेंडर और रुपये चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान कर उनका सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

## सोलर सिस्टम लगाने के नाम पर धोखाधड़ी और रुपये हड़पने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र लोनहां निवासी पंकज कुमार और सरोजनीनगर के पिपरसंड निवासी सूरज सिंह ने सरोजनीनगर के गौरी -बिजनौर रोड स्थित लीला सोलर सॉल्यूशन के संचालक सतीश कनौजिया पर सोलर सिस्टम लगाने के नाम पर धोखाधड़ी और रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने बंथरा थाने में तहरीर देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पंकज कुमार के मुताबिक उन्होंने अपने आवास पर तीन किलोवाट का टाटा सोलर सिस्टम लगवाने के लिए सतीश कनौजिया से संपर्क किया। आरोप है कि सतीश द्वारा करीब दो लाख रुपये की धनराशि बैंक ऋण के माध्यम से स्वीकृत कराई गई। इसके बावजूद तीन किलोवाट के स्थान पर 590 वाट के केवल पांच पैनल यानी कुल 2950 वाट के पैनल उपलब्ध कराए गए। पीड़ित का कहना है कि तीन किलोवाट क्षमता के लिए छह पैनल होने चाहिए। पीड़ित का कहना है करीब तीन माह बीतने के बाद भी सोलर सिस्टम नहीं लगाया गया। आरोप है कि कई बार संपर्क करने के बावजूद न तो एस्टीमेट, न बिल उपलब्ध कराया गया और न ही काम पूरा किया गया। पीड़ित ने शेष पैनल लगाने या धनराशि वापस करने की मांग की, लेकिन आरोप है कि संचालक ने दोनों से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित पंकज ने मामले की तहरीर बंथरा पुलिस को दी। साथ ही बैंक ऋण की किस्त जमा करने में असमर्थता की स्थिति में संबंधित वेंडर को जिम्मेदार बताया है। फिलहाल पुलिस पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।


## दिल्ली जा रही दो नेपाली महिलाओं के बैग से 32 बोर का जिंदा कारतूस बरामद

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मंगलवार शाम दिल्ली जा रही दो नेपाली महिलाओं के बैग से 32 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद होने से एयरपोर्ट पर हडकम्प मच गया। सुरक्षा में लगे सीआईएसएफ जवानों ने दोनों महिलाओं को हिरासत में ले लिया और उनसे पूछताछ करने के बाद सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में महिलाओं ने थाने पर शास्त्र का लाइसेंस दिखाया। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। हालाकि इस प्रक्रिया के कारण उनका विमान छूट गया। पुलिस के मुताबिक नेपाल में रहने वाली निर्मल थापा और आशिका लखनऊ के अलीगंज में अपने परिचित ओम नारायण के यहां किराए पर रुकी थी और मंगलवार शाम दोनों इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान से दिल्ली जा रही थी। तभी एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान उनके बैग से सीआईएफ को एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जिसके बाद सीआईएसएफ ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बाद में सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद महिलाओं ने ओम नारायण को बुलाकर उनके शस्त्र का लाइसेंस दिखाया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों महिलाओं को छोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि जांच पड़ताल में पता चला कि बरामद कारतूस ओम नारायण का था, जो उनके घर पर रहने के दौरान गलती से महिलाओं के बैग में आ गया था। हालाकि इस घटना से दोनों महिलाओं की उड़ान छूट गई और उन्हें वापस ओम नारायण के घर जाना पड़ा।

## पुरानी रंजिश में चाकू से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने पुरानी रंजिश में चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर के न्यू बेहसा निवासी आशीष चौधरी ने 18 अगस्त मंगलवार शाम आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आशीष के मुताबिक वह बिजनौर के न्यू गुड़ौरा निवासी अपने मित्र श्वेत मिश्रा और सरोजनीनगर के बदाली खेड़ा स्थित मखदूम नगर निवासी हासिम अली के साथ जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में न्यू गुड़ौरा के पास न्यू बेहसा निवासी तुलसीराम पुत्र महेश कुमार और उसके दो साथियों ने गाड़ी रोक ली। बाद में पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने उनके ऊपर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें चाकू लगने से आशीष और श्वेत मिश्रा घायल हो गए। आरोप है कि बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी। लेकिन इस दौरान आसपास के लोगों ने मिलकर तुलसीराम को वहीं धर दबोचा और उसे चाकू सहित बिजनौर पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि बाद में दोनों घायलों का लोक बंधु अस्पताल में इलाज कराया गया। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तुलसीराम को चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दो दिन पहले गाड़ी बैक करने को लेकर आशीष से उसका विवाद हुआ था। इसी रंजिश में उसने साथियों के साथ मिलकर उनके ऊपर चाकू से हमला किया था। फिलहाल पुलिस ने बरामद चाकू कब्जे में लेने के साथ आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर बुधवार को उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ कानपुर देहात के सट्टी थाने में भी मुकदमा दर्ज है।

## चोरी के मामले में लंबे समय से फरार रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने चोरी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे और न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक 17 मार्च 2025 को बिजनौर थाना क्षेत्र के मानसरोवर सेक्टर-ओ, न्यू गुड़ौरा निवासी राजेश वाजपेयी ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तीन लोग ग्राहक बनकर उनकी महाकाल ज्वैलर्स की दुकान पर सोने के गहने खरीदने पहुंचे। जहां कुछ गहने खरीदने के बाद आरोपियों ने मौका पाकर दुकान से अन्य जेवर चोरी कर लिए और फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की तो जाँच के दौरान रिंकी शुक्ला, ऋषि शुक्ला और शमी जोशी के नाम सामने आए। पुलिस का कहना है कि रिंकी और ऋषि को पूर्व में शाहजहांपुर के तिलहर थाने से संबंधित चोरी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जबकि हरदोई जिले के बेनीगंज थाना अंतर्गत नयापुरवा निवासी शमी जोशी लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ एसीजेएम द्वितीय, लखनऊ की अदालत से एनबीडब्ल्यू वारन्ट जारी हुआ था। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। तभी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 18 अगस्त मंगलवार को शमी जोशी (30) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने साथियों के साथ ग्राहक बनकर दुकान से गहने चोरी करने और बाद में उन्हें सस्ते दामों में बेचकर रकम बांटने की बात कबूली है। फिलहाल पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया है।

## कौशल विकास मिशन में इंटरनेशनल एम्पलॉयमेंट सेल गठित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को देश ही नहीं, बल्कि वैश्विक रोजगार बाजार से जोड़ने की दिशा में लगातार नए कदम उठा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन में इंटरनेशनल एम्पलॉयमेंट सेल का गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ विदेशों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी जुटाने के साथ ही विदेशी कंपनियों की मांग के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षण दिलाने और उन्हें पारदर्शी तरीके से अंतर्राष्ट्रीय रोजगार से जोड़ने का कार्य करेगा। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवा प्रतिभा और क्षमता के मामले में किसी से पीछे नहीं हैं। इंटरनेशनल एम्पलॉयमेंट सेल के माध्यम से हमारे प्रशिक्षित युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसरों से जोड़ने की प्रभावी व्यवस्था तैयार की जा रही है। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत 35 प्रमुख सेक्टरों में 1,300 से अधिक जॉब रोल के लिए युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब प्रशिक्षित युवाओं को वैश्विक रोजगार बाजार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इंटरनेशनल एम्पलॉयमेंट सेल भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में पंजीकृत रिक्रूटिंग एजेंटों, सेवायोजन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के मिशन रोजगार और अन्य संबंधित संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करेगा। विदेशों में कार्यरत कंपनियों की ओर से उपलब्ध मानव संसाधन की मांग प्राप्त कर उसी के अनुरूप प्रशिक्षित युवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। सेल में डॉ. एमके सिंह, सहायक निदेशक को अध्यक्ष तथा विजय नामदेव, सहायक प्रबंधक को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## मलिहाबाद तहसील में सर्वर ठप, दो दिन में सिर्फ नौ रजिस्ट्री

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद तहसील स्थित उप निबंधक कार्यालय में सर्वर की तकनीकी खराबी ने जमीन और संपत्तियों की रजिस्ट्री व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। मंगलवार और बुधवार को सर्वर ठप रहने के कारण रजिस्ट्री कराने पहुंचे सैकड़ों क्रेता-विक्रेताओं और अधिवक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ा। सर्वर चालू होने की उम्मीद में लोग कार्यालय में बैठे रहे, लेकिन काम आगे न बढ़ने पर कई लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। लगातार दो दिनों से बनी इस समस्या को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। अधिवक्ताओं के मुताबिक, सर्वर में आई तकनीकी दिक्कत के चलते पिछले दो दिनों में उप निबंधक कार्यालय में महज नौ रजिस्ट्री ही हो सकीं। जबकि बड़ी संख्या में क्रेता-विक्रेता पहले से समय लेकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय पहुंचे थे। सर्वर काम नहीं करने के कारण दस्तावेजों की ऑनलाइन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। इससे रजिस्ट्री कराने आए लोगों का पूरा दिन कार्यालय के चक्कर लगाने में बीत गया। रजिस्ट्री कराने के लिए कई लोग दूर-दराज के गांवों और कस्बों से तहसील पहुंचे थे। लोगों का कहना है कि निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने के बावजूद तकनीकी खराबी के कारण उनका काम नहीं हो सका। अब उन्हें दोबारा समय निकालकर उप निबंधक कार्यालय आना पड़ेगा। इससे लोगों को समय और आने-जाने में खर्च होने वाले धन, दोनों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं का कहना है कि सर्वर की समस्या नई नहीं है और पिछले कई दिनों से रजिस्ट्री का काम प्रभावित हो रहा है। कभी सर्वर धीमा होने तो कभी पूरी तरह ठप हो जाने से दस्तावेजों की प्रक्रिया बाधित रहती है। इससे न केवल क्रेता-विक्रेताओं को परेशानी हो रही है, बल्कि अधिवक्ताओं का काम भी प्रभावित हो रहा है। मलिहाबाद उप निबंधक तरुण सिंह ने बताया कि तकनीकी समस्या के चलते सर्वर में दिक्कत आ रही है। समस्या के समाधान के लिए संबंधित स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

## पॉलीटेक्निक में प्रवेश से वंचित छात्रों को मिलेगा एक और मौका

### डिप्लोमा इंजीनियरिंग में छठे और सातवें चरण की अतिरिक्त काउंसलिंग कल से शुरू

अमन लेखनी समाचार

- 14 सितंबर तक ले सकेंगे प्रवेश, jeecup.admissions.nic.in पर शेड्यूल जारी

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद ने यूपीजेईई (पॉलीटेक्निक) -2026 के तहत प्रवेश से वंचित अथवा प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण न कर पाने वाले अभ्यर्थियों को एक और अवसर दिया है। परिषद द्वारा डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं अन्य पाठ्यक्रमों (फार्मेसी को छोड़कर) में छठे और सातवें चरण की अतिरिक्त काउंसलिंग का आयोजन 21 अगस्त से किया जाएगा। अभ्यर्थियों को 14 सितंबर 2026 तक प्रवेश लेने का अवसर मिलेगा।

सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की ओर से 25 जून से 14 अगस्त के बीच डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं अन्य पाठ्यक्रमों की मुख्य एवं विशेष काउंसलिंग कराई गई थी। इसके बाद भी प्रवेश से वंचित रह गए अथवा प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके अभ्यर्थियों को एआईसीटीई के नवीन एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त से 10 सितंबर 2026 तक छठे एवं सातवें चरण की अतिरिक्त ऑनलाइन काउंसलिंग होगी। इसमें उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों के सभी नान-एडमिटेड (क्वालीफाइड) अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। यह काउंसलिंग ग्रुप-ए, बी, सी, डी, एफ, जी, एच, आई, के1 से के8 एवं एल के लिए आयोजित की जाएगी। छठे चरण में योग्य अभ्यर्थियों के लिए च्वाइस फिलिंग 21 से 23 अगस्त तक होगी। सीट आवंटन 24 अगस्त को किया जाएगा। सीट मिलने के बाद ऑनलाइन फ्रीज विकल्प तथा सिक्योरिटी एवं काउंसलिंग फीस जमा करने की प्रक्रिया 25 से 28 अगस्त तक चलेगी। इस चरण में फ्लोट विकल्प उपलब्ध नहीं होगा। केवल फ्रीज किए गए अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन जिला सहायता केंद्रों पर 25 से 29 अगस्त को शाम 6 बजे तक होगा। छठे चरण में आवंटित सीट से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अगस्त तथा संस्था में रिपोर्टिंग की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई है।

सातवें चरण के लिए च्वाइस फिलिंग 1 से 3 सितंबर तक होगी और सीट आवंटन 4 सितंबर को किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों के लिए सीट ऑटो फ्रीज होगी तथा सिक्योरिटी एवं काउंसलिंग फीस 5 से 7 सितंबर तक जमा की जा सकेगी। सातवें चरण में दस्तावेज सत्यापन 5 से 8 सितंबर को शाम 6 बजे तक होगा।

आवंटित सीट से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 9 सितंबर और संस्था में रिपोर्टिंग की अंतिम तिथि 10 सितंबर निर्धारित की गई है। परिषद ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय-सारणी के अनुसार सभी प्रक्रियाएं समय से पूरी करने की अपील की है। काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शेड्यूल परिषद के आधिकारिक पोर्टल jeecup. admissions.nic.in पर उपलब्ध है।

## अखिलेश यादव ने ई-20 पेट्रोल को लेकर सरकार को घेरा

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा है कि ई-20 पेट्रोल पर कौन सही है, सरकार या सलाहकार? उन्होंने कहा कि मिलावटी पेट्रोल ई- 20 से खराब हुई गाड़ियों को खींचकर ले जाने वाले बाइक-कार वाले पूछ रहे हैं, एक तरफ तो सरकार कह रही है ई-20 में सब ठीक है। दूसरी तरफ सलाहकार कह रहे हैंई-20 गाड़ियों के लिए नुकसानदेह है तो ये स्पष्ट कौन करेगा सही क्या है? बात-बात में सर्वे कराने वाली भाजपा सरकार ई-20 के परिणाम भुगत रही आम जनता से सीधे संवाद करके क्यों नहीं पूछ लेती की सच क्या है? अखिलेश यादव ने कहा ई-20 दुधारी तलवार है, जिसकी जनता पर दोहरी मार है, महंगा पेट्रोल भी और महंगे मेन्टीनेंस भी। उन्होंने कहा कि ई-20 पेट्रोल से गाड़ियों के खराब होने के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। सरकार खुद मिलावट खोरी कर रही है। सरकार दबाव बनाकर ई-20 पेट्रोल बिकवा रही है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की शिकायत है कि इथेनाल मिलाने से उनकी गाड़ी का मेन्टीनेंस और माइलेज खराब हो रहा है।

## यूपी व नाइजीरिया के बीच सहयोग की नयी संभावनाओं पर मंथन

### नाइजीरिया के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने यूपी के कृषि मंत्री से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार

- नाइजीरियाई प्रतिनिधिमंडल ने साझा किये अपने कृषि क्षेत्र के नवाचार



**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में स्थानीय निजी होटल में नाइजीरिया के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री सीनेटर डॉ. अलीयू साबी अब्दुल्लाही के नेतृत्व में आये 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश और नाइजीरिया के बीच कृषि क्षेत्र में सहयोग, नवाचार और नई संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि बैठक के दौरान नाइजीरियाई प्रतिनिधिमंडल ने अपने देश में कृषि क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न नवाचारों और प्रयासों की जानकारी साझा की। दोनों पक्षों ने कृषि एवं खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में आपसी अनुभवों और तकनीकी सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रमुख सचिव उद्यान बीएल मीणा, प्रमुख सचिव कृषि रवींद्र तथा आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता योगेश कुमार ने प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें प्रदेश में कृषि एवं उद्यान क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों, आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल तथा कृषि की लागत कम करके किसानों का लाभ बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नाइजीरियाई प्रतिनिधिमंडल को उत्तर प्रदेश में कृषि उत्पादन, उद्यानिकी, सहकारिता तथा ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों और नवाचारों से भी अवगत कराया गया। बैठक का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में दोनों पक्षों के अनुभवों को साझा करने के साथ-साथ नई संभावनाओं की तलाश करना रहा।

नाइजीरियाई प्रतिनिधिमंडल में राज्य मंत्री सीनेटर डॉ. अलीयू साबी अब्दुल्लाही के साथ मोहम्मद इहिएजुए अब्दुलमुतालिब, बोलुवाडे एबेनेजर ओलामिडे, इंजीनियर अमीनू बोडिंगा मोहम्मद, डॉ. एडेट एकांग, इलुरोमी डेबोला, गालान्ती मलामी मोहम्मद, अदुनमो रूफस संडे, डॉ. जिब्रिल शान्ताली मोहम्मद और इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार झा शामिल रहे। बैठक में प्रमुख सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, प्रमुख सचिव सहकारिता अजय कुमार शुक्ला, महानिदेशक उपकार संजय सिंह, निदेशक कृषि टीएम त्रिपाठी, निदेशक उद्यान भानु प्रकाश राम त्रिपाठी सहित कृषि, उद्यान एवं सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईएएस अधिकारियों की तैनाती पर जतायी आपत्ति

अमन लेखनी समाचार

- जीएसटी ऑफिसर्स सर्विस एसोसिएशन के नव निर्वाचित प्रतिनिधिमंडल ने राज्य कर की अपर मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन



**लखनऊ।** जीएसटी ऑफिसर्स सर्विस एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के नव निर्वाचित प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष विजय सिंह बिसेन, महासचिव मनोज मिश्रा, उपाध्यक्ष रणंजय यादव, संयुक्त सचिव पारुल राजवंशी एवं संयुक्त सचिव रथ्या दिव्य शुक्ला ने अपर मुख्य सचिव, राज्य कर, कामिनी चौहान रतन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

नव निर्वाचित प्रतिनिधिमंडल ने राज्य कर (जीएसटी) विभाग में अपर आयुक्त ग्रेड-1 के विभागीय संवर्ग के लिए स्वीकृत पदों पर गैर-संवर्गीय/आईएएस अधिकारियों की तैनाती किये जाने पर आपत्ति जताई।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि नियुक्ति/कार्मिक विभाग द्वारा हाल ही में सानिया छाबड़ा, आईएएस को अपर आयुक्त, राज्य कर, कानपुर जोन-प्रथम तथा अजय कुमार गौतम, आईएएस को अपर आयुक्त, राज्य कर, गाजियाबाद जोन-प्रथम के पद पर स्थानांतरित/तैनात किया गया है।

एसोसिएशन का कहना है कि उत्तर प्रदेश व्यापार कर सेवा नियमावली, 2009 के नियम-4 एवं नियम-5 के स्पष्ट प्रावधानों के अनुसार अपर आयुक्त श्रेणी-1 के पद केवल विभागीय संवर्ग के अधिकारियों की पदोन्नति द्वारा ही भरे जाने की व्यवस्था है। इन पदों पर गैर-संवर्गीय अधिकारियों की तैनाती नियमावली के प्रावधानों के विरुद्ध है। नव निर्वाचित प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि शासन नियमावली के प्रावधानों का सम्मान करते हुए इस विषय पर शीघ्र ही न्यायसंगत निर्णय लेगा।

## कल मनेगी कल्याण सिंह की पुण्य तिथि

### सपा व अखिलेश द्वारा श्रद्धांजलि न दिये जाने पर पूछे जायेंगे सवाल

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा ओबीसी मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल के नेतृत्व में एक बैठक सम्पन्न हुआ, जिसमें ओबीसी मोर्चा, उप्र द्वारा 21 अगस्त को कल्याण सिंह की पुण्य तिथि पूरे प्रदेश में मनाने का निर्णय लिया गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा प्रदेश के सभी सांगठनिक 98 जिलों में पुण्य तिथि मनायी जायेगी। जिन जिलों में कल्याण सिंह की प्रतिमा लगी है वहां प्रतिमा की साफ-सफाई, दीप प्रवज्जलन व पुष्पार्जन / माल्यार्पण कर बाकी जगहों पर उनके चित्र लगाकर उन्हें शृद्धांजलि अर्पित करते हुए गोष्ठी का आयोजन करना है।

कार्यक्रम के माध्यम से कल्याण सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा करते हुए पिछड़े वर्ग के लोगों व प्रदेश की जनता के हित में किये गये अनेक ऐतिहासिक कार्यों पर भी प्रकाश डालना है। बैठक के दौरान कहा गया कि पद्म विभूषण पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के अन्त्येष्टि कार्यक्रम में सपा के एक भी नेता का न जाना, सामान्य शिष्टाचार का भी पालन न करने पर, अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी के लोगों से सवाल करना है कि वह किन पिछड़ों के सम्मान की बात करते हैं, जहां देवी अहिल्याबाई होल्कर से लेकर बाबू कल्याण सिंह जैसे पिछड़ों के महापुरुषों का इस तरह अपमान करते हो। पिछड़ों के नाम पर पिछड़ा वर्ग समाज के कई लोगों के लूटे गये हकों को याद दिलाते हुए सपा सरकार में राम भक्तों पर चलाई गई गोलियों के पीछे की मंशा पर सवाल पूंछने हैं।

भारत की संस्कृति वशुधैव कुटुम्बकम की रहीं है यहां सभी जाति, धर्म, संप्रदाय व दिचारधारा के लोगों के सम्मान की परंपरा है यहां तक की राजनैतिक क्षेत्र में काम करने वाली पार्टियों का भी एक दूसरे के आदर व सम्मान की परंपरा है। नेताओं का एक दूसरे के परिवार के मांगलिक कार्यक्रम हो या कोई सुख-दुःख की घड़ी ऐसे अवसरों पर उपस्थित होकर सामान्य शिष्टाचार निभाने की हमारी परंपरा रही है। इसी क्रम में अखिलेश यादव के परिवार के मांगलिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुलायम सिंह यादव के अन्त्येष्टि / श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेतागणों द्वारा शामिल होकर मानवीय संवेदना के साथ सामान्य शिष्टाचार का परिचय दिया गया है। एक राजनैतिक दल के रूप में विचारों में भिन्नता हो सकता है। राजनैतिक दलों का आपस में वैचारिक मतभेद होना स्वभाविक है। पर मन का भेद होना हमारी संस्कृति नहीं है। राजनीति का तुष्टीकरण सपा व अखिलेश यादव की पहचान हो चुकी है।

## पारंपरिक हुनर को मिलेगा नया मुकाम श्री अन्न कला बोर्ड के गठन पर मंथन

- भुर्जी, भोजवाल और भड़भूजा समाज के कारीगरों को संरक्षण व प्रशिक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछड़े वर्गों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पारंपरिक हुनर को बढ़ावा देने की पहल की है। आयोग की मासिक बैठक में पारंपरिक रूप से अनाज भूनने वाले भुर्जी, भोजवाल और भड़भूजा समाज के कारीगरों के लिए श्री अन्न कला बोर्ड के गठन के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रस्तावित बोर्ड के माध्यम से पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े लोगों को संरक्षण देने के साथ आधुनिक तकनीक, कौशल प्रशिक्षण, आसान ऋण, सब्सिडी और बाजार उपलब्ध कराने की योजना पर विचार किया गया। आयोग का मानना है कि इससे पारंपरिक हुनर को नई पहचान मिलने के साथ रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। लखनऊ स्थित राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने की। बैठक में पिछड़े वर्ग के लिए संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर भी चर्चा हुई। आयोग में प्राप्त एसके सिंघानिया के पत्र पर विचार करते हुए भुर्जी, भोजवाल और भड़भूजा समाज के लोगों के लिए श्री अन्न कला बोर्ड के गठन के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। प्रस्ताव का उद्देश्य पारंपरिक रूप से अनाज भूनने के कारोबार से जुड़े कारीगरों के हुनर को संरक्षित करने के साथ उन्हें खाद्य प्रसंस्करण और आधुनिक व्यवसायिक गतिविधियों से जोड़ना है।

## संक्षेप

### किशोरी हुई लापता पिता ने दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारा सगवर क्षेत्र के एक गाँव पिता ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को 14 अगस्त शाम को तलिहई गाँव थाना बारासगवर निवासी अंशू बहला फुसलाकर भगा ले गया है। परिजनों का आरोप है कि अगले दिन शाम करीब 5 बजे फोन पर बातचीत के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि किशोरी आरोपी के पास है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### आश्रम के पीठाधीश्वर ने दबंगों पर लगाए गंभीर आरोप

#### रायबरेली में आश्रम खाली न करने पर दी धमकी

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली , सरेनी थाना क्षेत्र स्थित तेलार कुटी आश्रम के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 उमेश चैतन्य जी महाराज ने स्थानीय दबंगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महाराज ने 19 अगस्त 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि दबंगों ने सावन अनुष्ठान के दौरान गाली-गलौज की, महिलाओं पर छींटाकशी की और आश्रम खाली न करने पर जान से मारने की धमकी द पीठाधीश्वर उमेश चैतन्य जी महाराज के अनुसार, सावन माह के पहले दिन से ही आश्रम में राष्ट्र कल्याण, सनातन धर्म की रक्षा और विश्व शांति के लिए विशेष धार्मिक अनुष्ठान तथा अखंड शिवनाम जप चल रहा है। इस अनुष्ठान में आठ आचार्य और अन्य सहयोगी विधि-विधान से पूजन, अभिषेक, सहस्त्रार्चन और आरती संपन्न करा रहे हैं।श्रद्धालुओं के साथ गाली-गलौजमहाराज जी ने आरोप लगाया कि गांव बाजपेईपुर के कुछ अराजक तत्व आश्रम परिसर में आकर पूजन व आरती के समय व्यवधान उत्पन्न करते हैं। वे दर्शन-पूजन के लिए आने वाली माताओं-बहनों पर छींटाकशी व अभद्र टिप्पणियां करते हैं। मना करने पर संतों और श्रद्धालुओं के साथ गाली-गलौज की जाती है। महाराज जी के मुताबिक, 18 अगस्त 2026 की शाम लगभग 8 बजे आरोपी रणवीर (पुत्र वीर भद्र), धनंजय (पुत्र वीर भद्र) और टिम्बे (पुत्र आजाद), निवासीगण बाजपेईपुर गेगासों, थाना सरेनी, आश्रम में घुस आए। उन्होंने पूजन के समय भारी गाली-गलौज करते हुए संतों को जान से मारने की धमकी दी। पीठाधीश्वर का कहना है कि इन अराजक तत्वों की मंशा किसी भी तरह आश्रम पर अवैध कब्जा जमाने या इसे जबरन खाली कराने की है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी इनमें से आरोपी टिम्बे के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन उनके हौसले पस्त नहीं हुए हैं।एसपी से मिले आश्वासन के बाद क्षेत्राधिकारी को जांच के निर्देश बुधवार को एसपी दफ्तर पहुंचे पीठाधीश्वर ने पुलिस अधीक्षक रवि कुमार से मुलाकात कर पूरा घटनाक्रम बताया। पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी को तुरंत उचित व्यवस्था करने और आरोपियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# दूसरे दिन भी पहुंचे किसान, एसडीएम ने संबंधित विभागों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के दौरान डंपरों की आवाजाही के लिए निहालपुर-भदनी नाले पर बनाया गया अस्थायी रास्ता क्षेत्र के किसानों के लिए मुसीबत बन गया है। नाले की समुचित सफाई न होने और पुलिया के पास मिट्टी डालकर बनाए गए रास्ते से जलनिकासी बाधित होने के कारण बारिश का पानी खेतों में भर गया। इससे करीब दो हजार बीघा में बोई गई धान की फसल जलमग्न हो गई है। समस्या का समाधान न होने से नाराज किसान बुधवार को लगातार दूसरे दिन एसडीएम फाल्गुनी सिंह के पास पहुंचे और तत्काल जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की।

तहसील क्षेत्र के ग्राम बृजपालपुर निवासी राजेश कुमार, शिवलखन सिंह समेत करीब 50 किसानों ने एसडीएम को मंगलवार को दिए गए शिकायती पत्र का संज्ञान लेने की मांग की। किसानों ने बताया कि क्षेत्र का बरसाती पानी मुंडा से होकर बृजपालपुर, निहालपुर होते हुए भदनी झाल तक जाने वाले नाले से निकलता है। लंबे समय से नाले की सफाई न होने के कारण उसकी जलनिकासी क्षमता पहले ही प्रभावित थी ।किसानों के मुताबिक करीब एक वर्ष पूर्व गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए क्षेत्र से निकाली गई मिट्टी को डंपरों से ले जाने के लिए निहालपुर गांव के समीप नाले की पुलिया के पास मिट्टी डालकर अस्थायी रास्ता बना दिया गया था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी रास्ते को हटाकर नाले को पूर्व स्थिति में नहीं लाया गया। परिणामस्वरूप बारिश के दौरान नाले का पानी आगे नहीं निकल सका और आसपास के खेतों में भर गया।

किसानों ने बताया कि हजारों बीघा में खड़ी धान की फसल पानी में डूब गई है। उनका कहना है कि खेती ही परिवार के भरण-पोषण का मुख्य साधन है। यदि समय रहते जलनिकासी नहीं कराई गई तो फसल पूरी तरह बर्बाद हो सकती है, जिससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा ।मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम फाल्गुनी सिंह ने नहर, सिंचाई एवं विकास विभाग के अधिकारियों को फोन कर तत्काल मौके पर कार्रवाई करने और जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने किसानों को समस्या के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

# नहर पुलिया पर मिली साइकिल-चप्पल, विवाहिता के नहर में कूदने की आशंका

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। शारदा नहर ब्रांच की लिलौरी पुलिया पर बुधवार सुबह एक साइकिल पर बंधा महिला का स्कार्फ और पास पड़ी चप्पल मिलने से हड़कंप मच गया। राहगीरों और ग्रामीणों ने महिला के नहर में कूदने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में मौके पर पहुंचे परिजनों ने साइकिल, स्कार्फ और चप्पल की पहचान अपनी विवाहिता पुत्री के रूप में की। पुलिस ने बिठूर से गोताखोर बुलाकर नहर में उसकी तलाश शुरू करा दी है। जानकारी के अनुसार, बुधवार करीब 11 बजे एक वृद्ध राहगीर ने दराबनगर गांव के ग्रामीणों को सूचना दी कि एक युवती साइकिल खड़ी करने के बाद नहर में छलांग लगा गई है। गांव से करीब दो सौ मीटर दूर लिलौरी पुलिया पर ग्रामीण पहुंचे तो वहां एक साइकिल खड़ी मिली। साइकिल पर महिला का स्कार्फ बंधा था, जबकि पास में लाल रंग की चप्पल पड़ी थी। इससे युवती के नहर में कूदने की आशंका और गहरा गई। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस के साथ आसपास के गांवों में भी सूचना दी।

सूचना मिलने पर देवगांव निवासी गुलाब सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने साइकिल, स्कार्फ और चप्पल की पहचान अपनी भतीजी सोनी (23) पुत्री दुष्यंत यादव के रूप में की। परिजनों के अनुसार सोनी की करीब चार माह पहले फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी कपिल यादव से शादी हुई थी। वह दो दिन पहले गुड़िया त्योहार के अवसर पर मायके आई थी। सोनी के भाई लखन यादव ने बताया कि वह बुधवार सुबह करीब 10 बजे सफीपुर जाने की बात कहकर घर से निकली थी। परिजनों के मुताबिक सोनी का मानसिक स्वास्थ्य संबंधी इलाज लखनऊ के एक चिकित्सक से चल रहा था।

कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि राहगीर की सूचना और मौके पर मिले सामान को देखते हुए युवती के नहर में कूदने की आशंका है। बिठूर से गोताखोर बुलाए गए हैं और नहर में तलाश कराई जा रही है। पुलिस मामले की जांच के साथ युवती की तलाश में जुटी है।

# दो दिन में भैंस चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार; भैंस बरामद



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव में घर के बाहर बंधी करीब एक लाख रुपये कीमत की भैंस चोरी होने के मामले का पुलिस ने दो दिन में खुलासा कर दिया। पुलिस ने चोरी की भैंस बरामद करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रायपुर गांव निवासी नंदकिशोर पुत्र संतराम की भैंस सोमवार रात घर के बाहर बंधी थी। रात में चोर उसे खोलकर ले गए। सुबह भैंस गायब मिलने पर पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर चोरों की तलाश तेज कर दी। बुधवार को पुलिस ने चकलवंशी-परियर मार्ग स्थित एक महाविद्यालय के पीछे से चोरी की गई भैंस बरामद कर ली। मौके से रायपुर निवासी दिनेश पुत्र सरजू लोध, रामबाबू तथा रामविलास पुत्र स्व. भल्लू रैदास को गिरफ्तार किया गया। कोतवाल संदीप मिश्रा ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# विद्यालय प्रशासन के विरोध में सड़क पर उतरे छात्र जमकर की नारेबाजी

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के नगर पंचायत न्योतनी में स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय विद्यालय में जैसे ही सुबह 6:00 बजे सुरक्षा गार्ड् रात्रि वाले जाने लगे व दिन में तैनात रहने वाले सुरक्षा कर्मी पहुंचे ही थे कि दो सैकड़ा के उपर छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर सुरक्षा कर्मियो से धक्का मुक्की करते हुए एक राय होकर बाहर निकल कर पैदल ही मोहान तिराहे पर विद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे और विरोध प्रदर्शन किया छात्रों ने आरोप लगाया विद्यालय में कई विषयों के टीचर नहीं है जिसमें पढ़ाई पूरी नहीं हो रही है कैंटीन में बनने वाला भोजन में गुणवत्ता नहीं है जिससे स्वास्थ्य खराब हो रहा है सेहत से खिलवाड़ हो रहा है छात्रों का रुटीन मेडिकल चेकअप नहीं हो रहा कूलर पंखे ठीक से काम नहीं करते छात्रों के प्रदर्शन का जैसे ही तहसील प्रशासन को पता चल मौके पर एसडीएम शालिनी सिंह तोमर तहसीलदार अविनाश चौधरी सीओ तेज बहादुर सिंह व पुरवा सीओ अरविंद चौरसिया भी पहुंचे बड़े अस्वाशन के बाद छात्र विद्यालय लौटे इसके बाद डीएम घनश्याम मीणा कप्तान जयप्रकाश सिंह भी मौके पर सीडीओ कृति राज । पहुंचे जिले के अधिकारियों ने इसकी रिपोर्ट लखनऊ शासन को भी दिया जिसपर समाज कल्याण निदेशक संजीव सिंह भी मौके पर पहुंचे व विद्यालय में छात्राओं के बीच बैठकर मीटिंग व जलपान किया छात्रों की सभी समस्याओं का निराकरण करने का वादा किया तब छात्रों ने अपना विरोध बंद किया विद्यालय में पहले तो टीचर थे आज से चार टीचर और आये है टोटल दस टीचर विद्यालय में तैनात हैं जिससे छात्रों को अध्ययन में कोई कमी नहीं होगी भोजन बनाने के लिए कैंटीन के कर्मचारियों के साथ छात्रों को भी कमेटी में रखा गया है जिसमें भोजन की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी

# अजगर देख ग्रामीणों में फैली दहशत वन विभाग की टीम ने पकड़ा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही क्षेत्र मे बाजार के पास बने नाले में अजगर देख ग्रामीणों मे दहशत का माहौल बन गया। जिसके बाद पुलिस व वन विभाग को सूचना दी। लगभग 2 घंटे के बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर का रेस्क्यू कर एक बोरी में भरकर अपने साथ लेकर चले गए जंगल में छोड़ने की बात कही। बशीरतगंज कस्बे के बाजार के पास बने नाले में मंगलवार रात 8:30 बजे लगभग 8 फीट व 15 किलो का अजगर निकलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी होने पर सैकड़ो ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। जिसके पीआरबी (112) व वन विभाग को सूचना दी। लगभग 2 घंटे के बाद वन विभाग के अधिकारियों नें कर्मचारी को भेज कर अजगर को पकड़ लिया। बोरी में भरकर अपने साथ लेकर चले गए। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों का आरोप है। डीएफओ के सीयूजी नंबर पर कई बार फोन मिलाने के बाद भी उनका फोन नहीं उठा।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का एसडीएम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पाठकपुर व हिलौली क्षेत्र अंतर्गत मौरावां का औचक निरीक्षण एसडीएम ने किया जहां पाठकपुर में विभिन्न प्रकार की कमियां मिली। इस दौरान दो शिक्षिकाएं बिना प्रार्थनपत्र के अनुपस्थित रहीं। बुधवार को उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह द्वारा असोहा क्षेत्र अंतर्गत पाठकपुर में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के औचक निरीक्षण में कमियों का भण्डार मिला। निरीक्षण के दौरान पूर्णकालिक शिक्षिका श्वेता उपाध्याय एवं अंशकालिक शिक्षिका मोनिका शुक्ला बिना प्रार्थनापत्र के विद्यालय में अनुपस्थित मिली। वार्डेन नीतू मौर्य ने बताया कि कक्षा 6 से 8 तक कुल 100 छात्राओं का पंजीकरण है जिनमें दो छात्राओं का नाम प्रथक था जबकि 18 छात्राएं अनुपस्थित थीं। इन छात्राओं के लिए छात्रावास है जबकि कक्षा 9 से 12 तक 67 छात्राओं का पंजीकरण है। इनमें से 13 अनुपस्थित थीं। इन छात्राओं के लिए छात्रावास नहीं बना है। नाश्ता व खाने का भोजन मेन्यू के अनुसार ही मिल रहा है जिसमें नाश्ते में नमकीन सेवई व चाय तथा भोजन में कढ़ी चावल, रोटी व सब्जी बना था। एसडीएम ने भोजन चखकर गुणवत्ता को परखा। आवासीय प्रवेश द्वार सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है, शिक्षण कक्ष छोटे हैं, चहारदीवारी पर ग्रिल नहीं लगी है जिससे सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की शंका है। परिसर में गंदगी पाई गई। विद्यालय में सिक्योरिटी गार्ड, आवागमन हेतु खडंजा व कम्प्यूटर लैब का अभाव है। हास्टल में 65 छात्राओं के नामांकन की अपेक्षा 50 छात्राएं रह रही हैं। एसडीएम दिग्विजय सिंह ने बताया भोजन व्यवस्था ठीक पाई गई। बल्कि अन्य कमियों जैसे जनरेटर, चौकीदार आदि के लिए डीएम को पत्र लिखकर निरीक्षण की रिपोर्ट भेजी है। कस्तूरबा स्कूल मौरावां में सब ठीक मिला। इस दौरान तहसीलदार नीरज चतुवेर्दी भी मौजूद रहे।

# सत्र परीक्षाओं में सुचिता को लेकर विद्यालयों का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में सत्र परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गईं। परीक्षाएं 19 से 24 अगस्त तक आयोजित होंगी। परीक्षा में सुचिता बनाए रखने और विद्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में ब्लॉक सफीपुर के खंड शिक्षा अधिकारी मनींद्र कुमार ने कंपोजिट विद्यालय रनियामऊं, प्राथमिक विद्यालय खुसरूपुर, प्राथमिक विद्यालय पालहेपुर, पीएम श्री विद्यालय रूपपुर चंदेला तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनिया कच्छ समेत कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा की व्यवस्थाओं, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति और विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया।

कंपोजिट विद्यालय रनियामऊं के निरीक्षण के दौरान छह शिक्षक उपस्थित मिले, जबकि दो शिक्षक आकस्मिक अवकाश पर रहे। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर की साफ-सफाई और रसोईघर को व्यवस्थित रखने के निर्देश इंचार्ज शिक्षक अमित तिवारी को दिए गए।

खंड शिक्षा अधिकारी मनींद्र कुमार ने बताया कि विद्यालयों की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मिलने वाली कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

कंपोजिट विद्यालय रनियामऊं के शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि सत्र परीक्षा जुलाई तक पूर्ण कराए गए मासिक पाठ्यक्रम के आधार पर कराई जा रही है। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सत्र परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन संबंधित विषय शिक्षकों द्वारा किया जाएगा। इसके बाद विद्यालय में अभिभावकों को आमंत्रित कर बच्चों का परीक्षा परिणाम बताया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराना और उनके शैक्षणिक सुधार में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है।

# त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आगामी त्योहारों बारावफात, गणेश चतुर्थी और रक्षाबंधन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को थाना मौरावां परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी पुरवा अरविंद कुमार चौरसिया ने की।

बैठक में नायब तहसीलदार कृष्णानंद बाजपेई, मौरावां चेयरमैन कुंवर विवेक नारायण सेठ, प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह, नगर पंचायत लिपिक मधुकर द्विवेदी, ग्राम प्रधान, सभासद, पुजारी, मौलवी और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

सीओ अरविंद कुमार चौरसिया ने निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान यात्रा में लगने वाले झंडों का डंडा लोहे या स्टील का न हो। यात्रा से पहले बिजली आपूर्ति बंद कराई जाए और बिजली विभाग के अधिकारी यात्रा के आगे चलेंगे। नायब तहसीलदार ने ईओ मौरावां को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने सभी से अपील की कि त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा, शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखें। अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

बैठक में सभी धर्मगुरुओं और गणमान्य लोगों ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया।

# मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई हादसे में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे बांगरमऊ अस्पताल से रेफर कर दिया। जनपद आगरा के थाना मनसुखपुरा क्षेत्र के ग्राम जगतूपुरा निवासी सुनील पुत्र मुरारी लाल और ग्राम रानूपुरा निवासी जगबीर पुत्र राजवीर दोनो साथी इलेक्ट्रिशियन का काम करते हैं। दोनों युवक लखनऊ में काम करने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते मे बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर गांव शादीपुर के निकट किसी तरह बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई ।इस हादसे में दोनो युवक घायल हो गए घटना के बाद यूपीडा रेस्क्यू टीम द्वारा दोनों घायलो को बांगरमऊ सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया

# दो चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। जनपद हरदोई के ग्राम मकसूदपुर निवासी दुर्गेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ठेकेदारी करता है ।मौजूदा समय में वह कोतवाली के ग्राम बैगांव स्थित गौशाला निर्माण में उसके मिस्त्री व मजदूरों द्वारा निर्माण कार्य चल रहा है ।जहां बीते काफी दिनों से बिल्डिंग मटेरियल चोरी होने पर भी चोर पकड़े से बाहर थे ।बीते मंगलवार की रात वह खाना बनाने को मंगतखेत चावल लेने जा रहा था ।जहां राह में बैगांव ईंट भट्ठे के निकट उसके आगे आगे मेनन रोड की तरफ जा रही एक हीरो डीलक्स मोटर साईकिल पर बैठे दो लोग बीच में बोली रखे थे ।उसके मोटर साईकिल सवारों को रोकने पर बोली में रखे सरिया के रिंग दिखाई पड़े ।उसके लिंग पहचानते ही दोनों ने कहीं और से लाने की बात कही ।वहीं उसके गायलेंट्ट कम्पनी की सरिया बताते ही दोनों उससे माफी मांगने लगे ।जहां सूचना बाद मौके पहुंची डायल 112 पुलिस ने मय चोरी की गयी सरिया-रिंग सहित ग्राम कासूखेड़ा निवासी अनिल व जगतनारायन को पकड़कर कर कोतवाली ले आयी। कोतवाल भवन सिंह मौर्य ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों का गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है

## सम्पादकीय

# बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी

आतंकवाद की दुनिया में आजकल बंदूक से पहले विचारधारा पहुंचती है और इसका सबसे आसान निशाना बनते हैं कम उम्र के बच्चे और युवा। इंटरनेट, सोशल मीडिया और ऑनलाइन नेटवर्क ने कट्टरपंथी संगठनों को युवाओं और बच्चों तक पहुंच बनाने का आसान तरीका उपलब्ध करवाया है। इसके जरिये आतंकी और कट्टरपंथी नेटवर्क कम उम्र के बच्चों और युवाओं तक पहुंच बना रहे हैं। ऐसे में बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी हो गया है। यह नजर जासूसी के लिए नहीं, बल्कि उन्हें गलत दिशा में जाने से रोकने के लिए होनी चाहिए। आज का बच्चा इंटरनेट की ऐसी दुनिया में बड़ा हो रहा है, जहां दोस्ती, बातचीत, मनोरंजन और जानकारी के साथ-साथ गलत विचारधाराएं और संदिग्ध नेटवर्क भी मौजूद हैं। किसी अनजान व्यक्ति का संदेश, किसी ऑनलाइन ग्रुप का निमंत्रण या लगातार मिलने वाला भावनात्मक कंटेंट धीरे-धीरे बच्चे की सोच को प्रभावित कर सकता है। हाल के मामलों ने इस खतरे को और गंभीर बना दिया है। बेंगलुरु में पश्चिम बंगाल के 23 वर्षीय युवक आसफुल मलिक की गिरफ्तारी से जुड़े आरोपों में संदिग्ध ऑनलाइन संपर्क और प्रतिबंधित आतंकी संगठन टीटीपी से संबंधों की जांच सामने आई है। उसके अफगानिस्तान जाने की कथित योजना और भारत में हिंसक गतिविधियों के लिए उकसाए जाने की भी जांच हो रही है। यह मामला यह समझने के लिए काफी है कि कट्टरपंथीकरण को केवल बच्चों की समस्या मानना गलत होगा। किशोरों के साथ-साथ 20-25 वर्ष के युवा भी इसके निशाने पर हो सकते हैं। पाकिस्तान आधारित हैंडलरों द्वारा भारतीय युवाओं को सोशल मीडिया के जरिए कथित तौर पर फंसाने की जांच भी इसी खतरे की दूसरी तस्वीर दिखाती है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर, बेरोजगार या किसी तरह की परेशानी से जूझ रहे युवाओं को पहले पैसों और मदद का लालच दिया जाता है। 12 से 25 हजार रुपये जैसी रकम से शुरुआत कर छोटे काम करवाए जाते हैं। पहले फोटो और वीडियो, फिर किसी स्थान की रेकी और आगे चलकर हिंसक गतिविधियों तक पहुंचाने की कोशिश की जाती है। यानी किसी युवा को आतंकी नेटवर्क का हिस्सा बनाने की प्रक्रिया अचानक नहीं होती, बल्कि धीरे-धीरे उसके भरोसे और कमजोरियों का इस्तेमाल किया जाता है। यहीं परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। माता-पिता को बच्चे के मोबाइल की हर गतिविधि पर शक करने के बजाय उसके डिजिटल व्यवहार को समझना चाहिए। निगरानी का मतलब बच्चे की निजता खत्म करना नहीं है। घर में संवाद का ऐसा वातावरण जरूरी है, जहां बच्चा अपनी उलझन, गुस्सा, असहमति और ऑनलाइन अनुभव खुलकर बता सके। स्कूल और कॉलेजों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें डिजिटल साक्षरता, फर्जी जानकारी की पहचान, ऑनलाइन कट्टरपंथी प्रचार और साइबर सुरक्षा के बारे में भी जागरूक करना होगा। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को संदिग्ध ऑनलाइन नेटवर्क पर नजर रखनी होगी। किसी बच्चे के व्यवहार में बदलाव दिखे तो उसे अपराधी मानने के बजाय समझने और मदद करने की कोशिश हो। आज आतंक का खतरा केवल सड़क, सीमा या किसी संदिग्ध ठिकाने पर नहीं है। वह मोबाइल की स्क्रीन के दूसरी तरफ भी हो सकता है। इसलिए बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना अब विकल्प नहीं, समय की जरूरत है।



पर्यावरण

ज्ञानेन्द्र रावत

# विकराल हो रहा जलवायु परिवर्तन संकट

जलवायु परिवर्तन का संकट अब दिनोंदिन जानलेवा होता जा रहा है। दरअसल दुनिया में ऊर्जा की जरूरत पूरा करने के लिए कोयला, तेल और गैस का जो बेतहाशा इस्तेमाल हो रहा है, उससे होने वाले उत्सर्जन से जलवायु लक्ष्यों की पूर्ति असंभव है। तापमान बढ़ोतरी डेढ़ डिग्री सीमित रखने के लिए 2030 तक अपने उत्सर्जन को आधा करने के लक्ष्य की दिशा में कोई कारगर पहल न होने के परिणाम दिनोंदिन और भयावह होते जा रहे हैं। फिर जलवायु परिवर्तन की विभीषिका की रोकथाम के लिए बनी वैश्विक सहमति भी बीते सालों में कमजोर पड़ी है। इसके साथ-साथ वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के स्तर में हो रही बढ़ोतरी ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि धरती की गर्म सांसों के चलते ऋतुओं की लय बिगड़ती चली जा रही है। हालात इतने खराब हो गए हैं कि जलवायु परिवर्तन से न केवल मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, उसकी सेहत पर आयेदिन खतरा बढ़ता जा रहा है, बच्चों का भविष्य छिनता जा रहा है, वह लोगों में अकेलापन बढ़ा रहा है, महिलाओं पर गंभीर असर डाल रहा है, दुनिया की बहुमूल्य धरोहरों के अस्तित्व के संकट को बढ़ा रहा है, साथ ही वह दुनिया की हजारों पौध-प्रजातियों के घर ही नहीं छीन रहा है बल्कि उन पर विलुप्ति का खतरा भी मंडराने लगा है।

दुनिया के हालिया शोध और अध्ययन इसके जीते-जागते सबूत हैं। वैश्विक तापमान में लगातार हो रही वृद्धि आने वाले समय में आशंकित विकट परिस्थितियों को लेकर चिंतायें बढ़ाती जा रही हैं। सबसे बड़ी चिंता इस बात की है और एक अध्ययन में इस बात का खुलासा भी हुआ है कि यदि तापमान वृद्धि की दर इसी तरह बढ़ती रही तो साल 2085 तक भूमि पर एक तिहाई से ज्यादा जीव आवास यानी एनिमल हैबिटेट जलवायु परिवर्तन के कारण हीटवेव ( लू ) या जंगल में आग लगने जैसी चरम घटनाओं की चपेट में आ सकते हैं। यही नहीं, जलवायु परिवर्तन की रफ्तार यही बरकरार रही तो इस सदी के आखिर तक दुनिया की हजारों पौध-प्रजातियां अपने प्राकृतिक आवास के बड़े हिस्से से न केवल महरूम हो जाएंगी, बल्कि बहुतेरी पौध-प्रजातियों का अस्तित्व ही समाप्त हे जाएगा। यह संकट तेजी से शून्य उत्सर्जन की दिशा में कदम उठाने से इन दुष्प्रभावों को काफी हद तक टाला जा सकता है। जर्मनी की पाट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इंफैक्ट रिसर्च के शोधकर्ताओं का मानना है कि जलवायु परिवर्तन और विशेष रूप से चरम घटनाओं संरक्षण योजना के संदर्भ में अभी भी बहुत कम आंका जा रहा है। यह केवल कई बरसों में तापमान का धीरे-धीरे बदलाव नहीं होगा। कई चरम घटनायें संयुक्त प्रभाव डाल सकती हैं और जैव विविधता के लिए सहकारी खतरे का निर्माण कर सकती हैं। दरअसल दुनियाभर में बढ़ता तापमान अब सिर्फ इंसान और जानवरों के लिए ही नहीं, बल्कि ऋतुओं के लिए भी खतरनाक बनता जा रहा है। धरती के वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों का स्तर आज उस मुकाम पर आ पहुंच गया है जो मानव इतिहास में कभी नहीं रहा। यदि हमने समय रहते कड़े कदम नहीं उठाये, तो दुनिया के संवेदनशील क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाना मुश्किल हो जाएगा और ऋतुचक्र जो मानव सभ्यता के फलने-फूलने का आधार



था, पूरी तरह नष्ट हो जाएगा। जहां तक भारत का सवाल है, हमारी पारंपरिक पहचान उसके विविध ऋतुचक्र से रही है। पर अब यह चक्र टूट रहा है। इसका अहम कारण जलवायु परिवर्तन है। धरती की गर्म सांसों के चलते ऋतुओं की लय बिगड़ती जा रही है। मौसम का यह बदला हुआ मिजाज केवल आंकड़ों तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह अब आम आदमी की जीवन शैली को भी गहरे तक प्रभावित कर बदल रहा है। मानसून का समय अनिश्चित है। बेमौसम वर्षा से फसलें बर्बाद हो रही हैं। नतीजतन कृषि घाटा बढ़ता जा रहा है। सच्चाई यह है कि जलवायु परिवर्तन ने भारत के भौगोलिक पैटर्न को ही बदल दिया है। जो घटनाएं पहले बरसों में एक आध बार होती थीं, वे अब सामान्य यानी आए दिन होने लग गई हैं। राजस्थान और लेह जैसे शुष्क और रेगिस्तानी इलाकों में अब बाढ़ आना आम बात हो गई है। पहाड़ी राज्यों और हिमालयी इलाकों में सालभर तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। इसके दुष्परिणाम स्वरूप ग्लेशियरों के पिघलने और पारिस्थितिक तंत्र के बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया है। निष्कर्ष यह कि अब देश में ऋतुओं का आपस में विलय हो रहा है। सर्दी, गर्मी और बारिश के बीच की स्पष्ट रेखायें अब धुंधली पड़ने लगी हैं। दरअसल तापमान बढ़ोतरी की दर यदि 1.5 डिग्री तक न रोकी गई तो इसकी सबसे ज्यादा बड़ी कीमत भारत को चुकानी होगी। भारत के लगभग 60 करोड़ लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। तापमान बढ़ने से मिट्टी तेजी से सूखने लगेगी। उस दशा में मिट्टी की नमी बरकरार रखने के लिए अधिकाधिक तादाद में भूजल निकालना होगा। परिणामस्वरूप भूजल स्त्रोत सूखने के कगार पर पहुंच जाएंगे। चूंकि हमारा देश गेहूं व धान का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, ऐसी स्थिति में भूजल के सूखने के चलते गेहूं और धान की फसल पर बुरा असर पड़ेगा। यही नहीं, मत्स्य पालन, बागवानी और पशुपालन पर भी असर पड़े बिना नहीं रहेगा। यहां इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता कि तापमान में एक फीसदी की बढ़ोतरी बादलों में सात फीसदी से ज्यादा पानी भर देगा। नतीजतन बादल फटेंगे और उस दशा में बाढ़ और भूस्खलन की भयावहता का खतरा बढ़ेगा। वैज्ञानिकों की राय है कि ग्लेशियर के पिघलने से भूस्खलन का खतरा बना रहता है। इनके सूख जाने पर गंगा जैसी सदानीरा नदियों के बरसाती नदी के रूप में तब्दील होने और आसन्न जल संकट की विकरालता से कभी भी दो चार होना पड़ सकता है। यदि बीते सालों में किए गए सर्वेक्षणों की मानें तो भारत के 85 फीसदी लोग जलवायु परिवर्तन से चिंतित हैं और 87 फीसदी चाहते हैं कि उसकी रोकथाम के शीघ्र उपाय किए जाने चाहिए। वैश्विक तापमान को अगले सौ वर्षों में डेढ डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं बढ़ने देने का लक्ष्य हासिल कर लेने के बावजूद विश्व के संवेदनशील क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचा पाना आसान नहीं होगा। ऐसी स्थिति में भारत को विभिन्न क्षेत्रों के लिए अपने उत्सर्जन लक्ष्य नए सिरे से तय करने की जरूरत है। जबकि क्लाइमेट ट्रांसपेरेंसी की रिपोर्ट की मानें तो 2030 तक भारत के ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में भी करीब करीब दोगुने की बढ़ोतरी होने की आशंका है। फिर जलवायु परिवर्तन से वेलकम ट्रस्ट और क्लाइमेट ओपिनियन रिसर्च के अध्ययन द्वारा सेहत पर होने वाले भयावह खतरे की चेतावनी ने चिंता को और बढ़ा दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरण की चिंता नहीं रह गया है, बल्कि यह अब लोगों के शरीर, उनकी सांस, उनके बच्चों की सेहत की चिंताओं तक पहुंच गया है। इसलिए जीवन शैली में बदलाव समय की महती आवश्यकता है, तभी हम जलवायु परिवर्तन के दानव से कुछ हद तक मुकाबला कर पाने में कामयाब हो सकते हैं।

जलवायु परिवर्तन का संकट अब दिनोंदिन जानलेवा होता जा रहा है। दरअसल दुनिया में ऊर्जा की जरूरत पूरा करने के लिए कोयला, तेल और गैस का जो बेतहाशा इस्तेमाल हो रहा है, उससे होने वाले उत्सर्जन से जलवायु लक्ष्यों की पूर्ति असंभव है। तापमान बढ़ोतरी डेढ़ डिग्री सीमित रखने के लिए 2030 तक अपने उत्सर्जन को आधा करने के लक्ष्य की दिशा में कोई कारगर पहल न होने के परिणाम दिनोंदिन और भयावह होते जा रहे हैं। फिर जलवायु परिवर्तन की विभीषिका की रोकथाम के लिए बनी वैश्विक सहमति भी बीते सालों में कमजोर पड़ी है। इसके साथ-साथ वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के स्तर में हो रही बढ़ोतरी ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है।

## डिजिटल दौर

अमरनाथ सक्सेना



# युवाओं के सामने उभरती चुनौतियां

भारत की 26% आबादी ऐसे लोगों की है जिनकी उम्र 15 से 29 साल के बीच है। भारत को इस बात पर गर्व है कि उसके पास युवा प्रतिभाओं की भरमार है। ये युवा डिजिटल तौर-तरीकों को अच्छी तरह से समझते हैं, वे महत्वाकांक्षी हैं और कुछ नया प्रयोग करने से लेकर नए क्षेत्रों में कदम रखने से वे हिचकिचाते नहीं हैं। वे हमारे देश को विकास के अगले स्तर तक ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हालांकि इन उम्मीदों के साथ उन्हें कुछ नए तरह के जोखिमों से दो-चार होना पड़ रहा है, जिसका सामना पिछली पीढ़ी ने कभी नहीं किया था। साइबर धोखाधड़ी करने वाले अपराधी ऑनलाइन ट्रेडिंग अकाउंट को हैक कर सकते हैं, और जो शॉपिंग वेबसाइटें बेहद सुरक्षित और भरोसेमंद दिखाई देती हैं, वहां भी लोग ठगी का शिकार बन सकते हैं। इससे आर्थिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता है और यह एक गंभीर समस्या का रूप भी धारण कर सकती है। गौरतलब है कि जहां टेक्नोलॉजी ने भारतीय युवाओं को सशक्त बनाया है, वहीं इसकी वजह से वे गंभीर जोखिमों के प्रति असुरक्षित भी बन गए हैं। साइबर धोखाधड़ी जैसे कि पहचान चुराना, फिशिंग अटैक और वित्तीय धोखाधड़ी जैसे अपराध दिनोंदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। युवा लोग जो अक्सर ऑनलाइन लेन-देन करते हैं, डिजिटल प्लेटफॉर्म के ज़रिए निवेश करते हैं और कई पेमेंट एप्लीकेशन का इस्तेमाल करते हैं, यहां वे अक्सर साइबर अपराधों की वजह से होने वाले आर्थिक नुकसान को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के अनुसार वर्ष 2021 से जून 2025 तक के बीच 65.9 लाख शिकायतें प्राप्त हुईं। कई युवा नौकरीपेशा लोग इस बात से अनजान होते हैं कि भारत में अब लोगों के लिए खास साइबर इंश्योरेंस पॉलिसियां उपलब्ध हैं। ये पॉलिसियां अनधिकृत डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी, पहचान चुराना, ऑनलाइन वसूली और साइबर खतरों से प्रभावित हुए डिजिटल उपकरणों को ठीक करने में होने वाले खर्चों के लिए आर्थिक मदद पेश करती हैं। जैसे-जैसे डिजिटल जीवनशैली हमारी जिंदगी का हिस्सा बनती जा रही है, वैसे-वैसे युवा पीढ़ी के लिए साइबर इंश्योरेंस भी हेल्थ इंश्योरेंस जितना ज़रूरी बनते जा रहा है। साइबर अपराधी युवाओं को कई तरह से ठगी का शिकार बना सकते हैं, इसलिए साइबर खतरों से बचने के लिए आपके पास साइबर इंश्योरेंस का होना बेहद ज़रूरी है। आज के भारतीय युवा जिस चुनौती का सामना कर रहे हैं, वह है जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां। हाल के अध्ययन पुष्टि करते हैं कि भारतीय युवाओं में डायबिटीज़, कार्डियक अरेस्ट जैसे मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं, जबकि पहले ये बीमारियां अधेड़ उम्र के लोगों को होती थीं। हाल की रिपोर्टों के अनुसार लगभग 18–40 साल की उम्र के 18% लोग डायबिटीज़ से जूझ रहे हैं, जबकि 25% लोग प्री-डायबिटीक हैं। इससे यह बात पता लगती है कि पहले डायबिटीज़ को अधेड़ उम्र में होने वाला रोग माना जाता था, लेकिन अब यह विचारधारा बदल रही है। अध्ययन दर्शाते हैं कि 40 साल से कम उम्र के लोगों में कार्डियक के मामले बढ़ रहे हैं, जो कि गंभीर चिंता का विषय है। इन बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए, युवाओं के लिए बेहद ज़रूरी है कि वे अपने लिए एक ज़बरदस्त हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी ज़रूर चुनें। और तो और युवाओं के लिए यह भी ज़रूरी है कि वे इसे कम से कम उम्र में लें, ताकि सेहतमंद रहते हुए वे पॉलिसी की प्रतीक्षा अवधि पूरी कर लें।

इससे यह बात भी पक्की हो जाएगी कि उन्हें फटाफट कवरेज मिलेगा और जब उन्हें इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत होगी, तब वे इसे अच्छी तरह से इस्तेमाल कर पाएंगे। संक्षेप में, इस डिजिटल दौर में भारत के युवा दर्शाते हैं कि वे इस देश की सबसे बड़ी ताकत तो हैं, लेकिन सबसे ज्यादा साइबर खतरों का सामना भी इसी वर्ग को करना पड़ता है। जहां स्मार्टफोन और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शिक्षा, करियर और दुनिया से संपर्क बनाने के लिए नए-नए अवसर पेश कर रहे हैं

## हर बात का जवाब देना जरूरी नहीं



संकलित

दर्शन

आज के समय में लोग हर बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देना चाहते हैं। सोशल मीडिया से लेकर निजी जीवन तक अपनी बात साबित करने की होड़ लगी रहती है। लेकिन कई बार ज्यादा बोलना रिश्तों में दूरी, मन में तनाव और निर्णयों में जल्दबाजी का कारण बन जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता हमें याद दिलाता है कि मौन अक्सर वह प्रकट कर देता है, जिसे शोर कभी नहीं कर सकता है। इसका मतलब हमेशा चुप रहना नहीं, बल्कि सही समय पर रखा गया मौन कई बार सबसे प्रभावशाली उत्तर बन जाता है। बहुत से लोग मानते हैं कि चुप रहना कमजोरी का संकेत है, लेकिन गीता का संदेश इससे बिल्कुल अलग है। जब व्यक्ति बिना क्रोध, अहंकार या आवेश के शांत रह पाता है, तो यह उसके आत्मसंयम को दर्शाता है। हर बात पर प्रतिक्रिया देने के बजाय धैर्य रखना मानसिक परिपक्वता की निशानी है। ऐसा व्यक्ति परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझ पाता है और जल्दबाजी में गलत निर्णय लेने से बच जाता है। मौन रखने वाला व्यक्ति भीतर से मजबूत होता है। जब मन क्रोध, चिंता या भ्रम से भरा होता है, तब सही और गलत का अंतर समझना कठिन हो जाता है। लेकिन कुछ पल का मौन मन को स्थिर कर देता है। शांत वातावरण में व्यक्ति अपने विचारों को स्पष्ट रूप से देख पाता है और बिना भावनाओं में बहकर निर्णय लेता है। यही कारण है कि जीवन के महत्वपूर्ण फैसलों में धैर्य और शांति को हमेशा महत्व दिया गया है। शांत मन से लिया गया निर्णय लंबे समय तक सही साबित होता है।

## एकाग्रता ही ज्ञान की असली कुंजी



संकलित

प्रेरणा

विद्यार्थी जीवन सिर्फ किताबें रटने या अच्छे अंक लाने का समय नहीं होता है। यह वह उम्र है जब सोच, आदतें, हिम्मत और व्यक्तित्व बनते हैं। आज के समय में मोबाइल, सोशल मीडिया और परीक्षा के दबाव के बीच कई स्टूडेंट्स ध्यान खो देते हैं और तनाव के शिकार हो जाते हैं। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अपनी भीतरी ताकत पहचानने, मन को एक जगह टिकाने और मजबूत चरित्र बनाने की सीख दी थी। उनकी बातें आज भी हर विद्यार्थी के लिए सफलता का आसान रास्ता दिखाती हैं। स्वामी विवेकानंद मानते थे कि मन को एक जगह केंद्रित करना ही शिक्षा का सार है। वे कहते थे कि एकाग्रता की शक्ति ज्ञान के खजाने की चाबी है। आजकल पढ़ाई करते समय बार-बार फोन देखने या सोशल मीडिया घूमने से मन बिखर जाता है। अगर कुछ देर के लिए मोबाइल दूर रखकर सिर्फ एक काम पर पूरा ध्यान दिया जाए, तो आसानी विषय समझ में आता है और याद भी हो जाता है। रोज थोड़ा अभ्यास करने से मन मजबूत होता है। एकाग्रता बढ़ाने वाला विद्यार्थी किसी भी विषय को आसानी से सीख लेता है और सफलता उसके करीब आ जाती है। परीक्षा या भविष्य की चिंता अक्सर विद्यार्थियों का आत्मविश्वास घटा देती है। स्वामी विवेकानंद ने हमेशा कहा कि खुद पर विश्वास सबसे जरूरी है। डर को छोड़कर आगे बढ़ने वाला व्यक्ति मुश्किलों में भी रास्ता ढूंढ लेता है। असफलता आ जाए, तो हार मानने के बजाय फिर से कोशिश करने का साहस रखना चाहिए। जो विद्यार्थी अपनी क्षमता पर भरोसा रखता है वह दबाव में भी शांत रहता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे**

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

– अशोक शर्मा, भिवानी

## ट्रेंड

### वाजपेयी को श्रद्धांजलि



अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर याद कर रहा हूं। अद्भुत दूरदर्शिता वाले एक असाधारण राजनेता के तौर पर, उन्होंने अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया। उनके विचारों ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया और उनके नेतृत्व ने हमारे देश को मजबूत बनाया।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सरकार का सामना



भारत के युवाओं ने जिस हिम्मत और मजबूती के साथ मोदी जी की हिंसक सरकार का सामना किया है और जवाबदेही की मांग की है, वह तारीफ के काबिल है। उन्होंने शांति, प्यार और मजाक-मजाक में अपनी आवाज उठाई।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### दिव्यास्त्र एमके3



डीजी प्रोपल्शन के स्वदेशी जेट इंजन से चलने वाले 'दिव्यास्त्र एमके3' की सफल पहली उड़ान, 100% स्वदेशी जेट-पावर्ड 'लोइटरिंग म्यूनिशन' की दिशा में एक अहम कदम है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हमारे इनोवेटर्स और इंजीनियरों को बधाई।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### युवाओं की ऊर्जा



हमारी सरकार युवाओं की ऊर्जा को नई दिशा देने के लिए लगातार काम कर रही है और उन्हें कौशल, स्वरोजगार और खेल-कूद से जोड़ रही है। इसी संकल्प के साथ, वर्ष 2027 को 'युवा वर्ष' घोषित किया है।

- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

## करंट अफेयर

# आर्कटिक रूट : चीन नई चाल से बदलने चला समुद्री कारोबार

पिछले कुछ सालों में लाल सागर, स्वेज नहर और दूसरे समुद्री रास्तों पर युद्ध और तनाव ने पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि अगर एक समुद्री रास्ता बंद हुआ तो हजारों जहाजों का रास्ता बदल सकता है। अब चीन ने दक्षिण के जोखिम भरे रास्ते की जगह 20 दिन में यूरोप पहुंचने वाला आर्कटिक समुद्री रास्ता इस्तेमाल करने का फैसला किया है। अभी चीन से यूरोप जाने वाले बड़े कंटेनर जहाजों को आमतौर पर दक्षिण की ओर जाना पड़ता है। हिंद महासागर, अरब सागर, लाल सागर और फिर स्वेज नहर के जरिए भूमध्य सागर पार करके यूरोप पहुंचा जाता है लेकिन उत्तरी जल मार्ग में रास्ता उल्टा है।



## ऑफ बीट

# तिरंगे के साथ 13 हजार फीट से छलांग, रचा इतिहास



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहने वाले तीन भारतीय उन 65 स्काईडाइवर्स में शामिल रहे, जिन्होंने लीबिया में 13,000 फीट की ऊंचाई से एक साथ छलांग लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। सभी स्काईडाइवर्स अपने-अपने देशों के राष्ट्रीय ध्वज लेकर विमान से कूदे थे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 14 अगस्त को इस उपलब्धि की आधिकारिक पुष्टि की। रिपोर्ट के मुताबिक केरल के कन्नूर निवासी जमशीर थनालोट, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी अभिषेक रावत और बिहार के पटना की ईशा राज इस अभियान में शामिल तीन भारतीय थे। यह रिकॉर्ड सात अगस्त को बनाया गया।

## संक्षेप

### कोटेदारों का पैसा बढ़

**प्रति क्विंटल 90 से बढ़कर ?125 हुआ लाभ, सीएम लाइव प्रसारण में दी गई जानकारी**

अमेठी , उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) को बड़ी राहत मिली है। अब उन्हें राशन वितरण पर प्रति क्विंटल ?90 के बजाय ?125 का कमीशन मिलेगा। इस नए लाभ की जानकारी सोमवार को डीपीआरसी में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव प्रसारण कार्यक्रम में दी गई। इस कार्यक्रम में तहसील के सभी कोटेदार मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान और विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कोटेदारों को संबोधित किया। यह आयोजन जिले की चारों तहसीलों में किया गया था, जहाँ जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। जिले में कुल 765 उचित दर विक्रेता खाद्यान्न की दुकानें संचालित कर रहे हैं। हर माह इन दुकानों पर लगभग 75 हजार क्विंटल खाद्यान्न आता है। बढ़े हुए कमीशन से कोटेदारों की मासिक आय में सीधी वृद्धि होगी।लाइव प्रसारण के दौरान अधिकारियों ने कोटेदारों को समय पर और पारदर्शी तरीके से खाद्यान्न वितरण करने के निर्देश भी दिए। यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा और समय पर राशन मिले। किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोटेदारों ने कमीशन बढ़ाए जाने पर सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बढ़े हुए कमीशन से दुकान संचालन और अन्य खर्चों में मदद मिलेगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बढ़ी हुई दरें तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करना और उचित दर विक्रेताओं को आर्थिक संबल प्रदान करना है।

### चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**ऑपरेशन चक्रव्यूह में पुलिस को मिली सफलता; 4 महीने पहले चोरी हुई थी बाइक**

अमेठी ,पुलिस के ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत मुसाफिरखाना पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, बरामद मोटरसाइकिल करीब चार महीने पहले पिण्डारा क्षेत्र से चोरी हुई थी। पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी करने की बात कबूल की है। पुलिस ने उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे में एक और धारा बढ़ाई है। एसपी सरवणन टी. के निर्देश पर जिले में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही है। इसी अभियान के तहत मुसाफिरखाना पुलिस को मुखबिर से एक संदिग्ध व्यक्ति के चोरी की बाइक के साथ मौजूद होने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर रामसिंह (35) पुत्र स्व. देवनारायण सिंह, निवासी गुन्नौर, थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक, अमेठी को मोटरसाइकिल के साथ पकड़ लिया। कागजात नहीं दिखा सका, पूछताछ में खुला राज पुलिस के अनुसार, रामसिंह मोटरसाइकिल के वैध कागजात नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने उससे बाइक के बारे में पूछताछ की।

सख्ती से पूछताछ करने पर उसने मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की।

# महिला महाविद्यालय परिसर में शाइन ब्यूटी पार्लर का हुआ भव्य शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। महिलाओं की सुविधा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में महाविद्यालय की अभिनव पहल महिला महाविद्यालय के परिसर में छात्राओं एवं महिला स्टाफ की सुविधा तथा महिला-केंद्रित सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक नई पहल के रूप में शाइन ब्यूटी पार्लर का भव्य शुभारंभ किया गया। पार्लर का उद्घाटन बहराइच की विधान परिषद सदस्य (MLC) प्रज्ञा त्रिपाठी ने किया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रज्ञा त्रिपाठी ने महाविद्यालय परिसर में प्रारंभ की गई। इस सुविधा की सराहना करते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में छात्राओं की शिक्षा के साथ-साथ उनकी सुविधा, व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों का भी विशेष महत्व है। उन्होंने शाइन ब्यूटी पार्लर को महिला-केंद्रित सुविधाओं की दिशा में एक सकारात्मक एवं सराहनीय कदम बताया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रिया मुखर्जी ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित, सुविधाजनक, आत्मविश्वासपूर्ण एवं सशक्त वातावरण उपलब्ध कराना भी है। इसी सोच के साथ परिसर में शाइन ब्यूटी पार्लर की स्थापना की गई है, ताकि छात्राओं एवं महिला स्टाफ को आवश्यक सौंदर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल संबंधी सेवाएं परिसर में ही सहज रूप से उपलब्ध हो सकें। प्राचार्या ने कहा कि वर्तमान समय में व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और स्व-देखभाल भी महिला सशक्तीकरण के महत्वपूर्ण पक्ष हैं। महाविद्यालय द्वारा प्रारंभ की गई यह सुविधा इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी छात्राओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में ऐसी उपयोगी एवं नवाचारी सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उद्घाटन के उपरांत मुख्य अतिथि ने पार्लर का अवलोकन किया तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। शाइन ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ महिला महाविद्यालय परिसर को अधिक सुविधाजनक, आधुनिक एवं छात्रा-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से छात्राओं को न केवल सुविधा मिलेगी, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, व्यक्तित्व-निखार और स्व-देखभाल की भावना को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

# चोरी का आरोप, दर्ज हुआ मुकदमा, पुलिस कर रही छानबीन

## सीओ थानाध्यक्ष सहित स्वॉट टीम ने किया मुआयना

अमन लेखनी समाचार




शिवपुर, बहराइच। जनपद के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत वैवाही के मजरा दूधाधारी निवासी ग्रामीण सज्जन गुप्ता पुत्र कालीप्रसाद ने बुधवार प्रातः अपने घर में चोरी होने का शोरगुल किया तो ग्रामीणों की भीड़ लग गई। पीड़ित सज्जन गुप्ता द्वारा स्थानीय थाना खैरीघाट में सूचना दी गई जिस पर सीओ महसी, थानाध्यक्ष खैरीघाट सहित स्वॉट टीम ने पहुंचकर आवश्यक जांच पड़ताल किया है।

इस संबंध में चौकी प्रभारी वैवाही शशि प्रताप सिंह ने बताया है कि चोरी के घटना की जानकारी मुझे बुधवार प्रातः 3:15 बजे दी गई और बताया गया कि मंगलवार बुधवार की रात्रि लगभग 1:00 बजे अज्ञात चोरों द्वारा घर में चोरी कर लिया गया है। घर में रखा कीमती जेवरात व नकदी अज्ञात चोरों के द्वारा चुराया गया है। जिस संबंध में स्थानीय थाने पर अभियोग पंजीयन कर कर लिया गया है। श्री सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि ना घर की कुंडी टूटी है ना ही ताला। यहां तक की कीमती जेवरात व पैसे रखने के बॉक्स का भी ताला नहीं टूटा है। घर के सदस्य अलग-अलग बयान दे रहे हैं। हालांकि स्वॉट टीम द्वारा भी आवश्यक जानकारी जुटाई गई है एवं पुलिस बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है। आरोपियों को बक्सा नहीं जाएगा।

# तीन प्रमुख मंदिरों में बिछाए रेड कार्पेट मैट

**धूप-गर्मी और बारिश में श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी ,तीन प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेड कार्पेट मैट बिछाए गए हैं। सांसद किशोरी लाल शर्मा के निर्देश पर यह पहल की गई है। इससे गर्मी, तेज धूप और बरसात के दौरान मंदिर परिसर में नंगे पैर चलने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी।मैट बिछाने का काम गौरीगंज स्थित बुढ़न माई धाम, समसेरियन स्थित माता दुर्गन भवानी धाम और मुसाफिरखाना के दादरा स्थित माता हिंगलाज धाम में कराया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल और कार्यालय प्रभारी बृजेश तिवारी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने यह काम पूरा कराया। बुजुर्गों और महिलाओं को मिलेगी विशेष सुविधा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि प्रयास है कि इन पवित्र स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं, खासकर माताओं, बहनों और बुजुर्गों को अधिकतम सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि यह पहल श्रद्धालुओं के प्रति सेवा, सम्मान और समर्पण का प्रतीक है।कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता रहे मौजूद कार्यक्रम में



शाहगढ़ ब्लॉक प्रमुख सदाशिव यादव, सेवादल जिलाध्यक्ष राघव मिश्रा, गौरीगंज नगर अध्यक्ष जगन्नाथ यादव, शाहगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष मनोज यादव और मुसाफिरखाना ब्लॉक अध्यक्ष राजू ओझा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने सराहा कदम मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालुओं ने रेड कार्पेट मैट बिछाने की पहल की सराहना की।

# युवक पर धारदार हथियार से हमला

**हाथ, पैर और पेट में गंभीर चोटें, अस्पताल में भर्ती, खेत में पानी भरते समय घेरकर मारा**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के रायबिगो इलाके में दोपहर करीब 3 बजे धान के खेत की सिंचाई कर रहे एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। पुरानी रंजिश में हुई इस वारदात में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना ग्राम पंचायत रायबिगो के गोसाईं का पुरवा में हुई। पीड़ित के भाई कौशलेंद्र कुमार पांडे के अनुसार, उनका भाई सरकारी ट्यूबवेल से धान के खेत में पानी भर रहा था। इसी दौरान चाचा के बेटे अंकित कुमार पांडे पुत्र कांता प्रसाद पांडे और मनोज कुमार पांडे पुत्र शारदा प्रसाद पांडे कुछ अन्य युवकों के साथ बाइक से वहां पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने युवक को घेरकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हाथ, पैर और पेट में आई चोटे हमले में युवक के हाथ, पैर और पेट में गंभीर चोटें आई हैं। कौशलेंद्र पांडे के मुताबिक, वारदात के दौरान हमलावरों के हाथ में मौजूद धारदार हथियार टूट गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि टूटे हथियार को साक्ष्य के तौर पर पुलिस को सौंपने के लिए लाया गया है। चश्मदीद ने तीन लोगों को आते देखा घटना के चश्मदीद अमन निषाद निवासी डिहवा ने बताया कि उन्होंने तीन लोगों को बाइक से आते देखा था। इसके बाद युवक पर अचानक हमला कर दिया गया। हमला होते देखकर वह अपनी जान बचाने के लिए मौके से भाग निकले। परिजनों का आरोप है कि आरोपी करीब 15-20 दिन पहले भी उन्हें धमकी देने आए थे। परिजनों ने गिरफ्तारी की मांग की पीड़ित परिवार ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

वहीं मामले को लेकर कादीपुर कोतवाल दीपेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि घटना संज्ञान में है।

# पूर्व मंत्री के मुकदमें की कार्यवाही टली

**आरोप पर बहस के लिए 22 अगस्त की तारीख तय, यूपी के अस्पतालों को लेकर की थी टिप्पणी**

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, दिल्ली के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती के मुकदमे में विशेष न्यायालय में दोपहर 2 बजे बहस नहीं हो सकी। मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने आरोप पर बहस के लिए अगली तारीख 22 अगस्त तय की है। यह मुकदमा उत्तर प्रदेश के अस्पतालों पर की गई टिप्पणी से संबंधित है। दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती के खिलाफ एमपीएमएलए मजिस्ट्रेट न्यायालय में यह मामला चल रहा है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडे ने बताया कि 9 जनवरी 2021 को अमेठी जिले के जगदीशपुर रामलीला मैदान में सोमनाथ भारती ने अपने बयान में कहा था कि 'यहां के अस्पतालों में इंसान के साथ जानवर भी पैदा होते हैं'। इसके बाद जगदीशपुर निवासी सोमनाथ साहू ने 10 जनवरी 2021 को जगदीशपुर कोतवाली में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था भारती ने इस मामले में जमानत करा ली थी, लेकिन उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने यह रोक हटा ली थी, जिसके बाद पिछली पेशी पर उन्हें आरोप तय



करने के लिए तलब किया गया था। उनके अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह मदन ने बताया कि आरोप पर ऑनलाइन बहस के लिए अगली पेशी तय की गई है।

# संग्रामपुर पुलिस का एक्शन, 5 वारंटी गिरफ्तार

**अलग-अलग इलाकों से दबोचे गए आरोपी, एसपी के निर्देश पर चलाया गया अभियान**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी , एसपी सरवणन टी. के निर्देश पर वांछित और वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत संग्रामपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में दबिश देकर पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया। सभी की गिरफ्तारी दोपहर करीब 3 बजे की गई। एसपी ने जिले में फरार और वारंटी आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में थानाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी और पांच आरोपियों को पकड़ लिया। इन पांच आरोपियों की हुई गिरफ्तारी गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दयाशंकर पुत्र सुकई निवासी रामापुर मजरे रामगढ़, राम मिलन विश्वकर्मा पुत्र दानपाल, बाबूराम पुत्र दानपाल और राजाराम पुत्र दानपाल निवासी सरैया रामगढ़ के रूप में हुई है। इसके अलावा पुलिस ने मेराज अहमद पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी खौपुर बुजुर्ग को भी गिरफ्तार किया है। न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई पुलिस ने सभी गिरफ्तार वारंटियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक जिले में वारंटी और वांछित आरोपियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस टीम की एसपी ने की सराहना कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संजय सिंह के साथ उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह, उपनिरीक्षक विनोद कुमार तिवारी, कांस्टेबल विजय कुमार पाल, कांस्टेबल हरवेन्द्र सिंह और कांस्टेबल प्रमोद कुमार शुक्ला शामिल रहे। एसपी सरवणन टी. ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि वारंटियों की गिरफ्तारी का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# प्रो. तारीक मंसूर बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने

**बोले- 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना लक्ष्य**

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़, मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. तारीक मंसूर को बीजेपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद मंसूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन समेत बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा- पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे।मंसूर ने कहा- राष्ट्रीय पदाधिकारी की जिम्मेदारी किसी एक प्रदेश तक सीमित नहीं होती, बल्कि पूरे देश के लिए होती है। उत्तर प्रदेश का चुनाव महत्वपूर्ण है, लेकिन उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में भी चुनाव होने हैं। राष्ट्रीय टीम सभी राज्यों में पार्टी के लिए काम करेगी।



### बोले- सभी लोग मिल-जुलकर काम करेंगे

प्रो. मंसूर ने कहा- बीजेपी की नई राष्ट्रीय टीम का गठन हुआ है। प्रदेश में भी नई टीम बनाई गई है। केंद्र और प्रदेश की टीमें मिलकर काम करेंगी। नई टीम का पार्टी पर क्या असर पड़ेगा, यह आने वाले समय में पता चलेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। उनका फोकस संगठन को मजबूत करने और पार्टी के अभियानों को आगे बढ़ाने पर रहेगा।

### सबका साथ, सबका विकास योजनाओं में दिख रहा

मंसूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के नारे का जिक्र करते हुए कहा कि यह सरकार की नीतियों में दिखाई देता है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के लोगों तक पहुंच रहा है।उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में यह नहीं देखा जाता कि लाभार्थी किस जाति, धर्म या समुदाय से है। आर्थिक स्थिति और क्षेत्र के आधार पर भी भेदभाव नहीं किया जा रहा है। सभी वर्गों के लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य

प्रो. मंसूर ने कहा कि इखढ और सरकार का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि जब भारत विकसित होगा तो उत्तर प्रदेश भी उसके साथ विकसित होगा। इसका लाभ समाज के हर वर्ग और हर व्यक्ति को मिलेगा।उन्होंने कहा कि देश के विकास में सभी वर्गों की भागीदारी जरूरी है और पार्टी इसी दिशा में काम कर रही है। ज्ञानवापी के मुद्दे पर पूछे गए सवाल पर प्रो. तारीक मंसूर ने फिलहाल टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा- इस विषय पर अभी कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। इस पर फिर कभी विस्तार से बात करूंगा।प्रो. तारीक मंसूर पेशे से डॉक्टर और सर्जन रहे हैं। वह अटव के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में सर्जरी विभाग के प्रोफेसर और प्रिंसिपल रह चुके हैं।

# कांग्रेसी नेता 5 घंटे थाने में बैठाए गए

**बगैर अनुमति मशाल जुलूस की तैयारी कर रहे थे, छुड़ाने गये जिलाध्यक्ष और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर,बिना अनुमति मशाल जुलूस निकालने की तैयारी को लेकर मंगलवार शाम कांग्रेसियों और पुलिस के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने कांग्रेस के अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सईद अंसारी को करीब पांच घंटे तक थाने में रखा। शाम करीब 6 बजे कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी थाने पहुंचे तो पुलिस और कांग्रेसियों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। घटना का वीडियो रात करीब 8 बजे सामने आया।

### बिना अनुमति मशाल जुलूस निकालने की थी तैयारी

पुलिस के मुताबिक, कांग्रेस की ओर से मंगलवार शाम मशाल जुलूस निकालने की तैयारी की जा रही थी। इसके लिए प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई थी। सीओ सिटी देवव्रत वाजपेयी ने बताया कि क्षेत्र में धारा 144 लागू है। इसी के चलते कांग्रेस अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सईद अंसारी को शाम करीब 4 बजे वार्ता के लिए थाने बुलाया गया था। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिए जाने से इनकार किया है।

### कांग्रेस का आरोप- मोबाइल बंद कर थाने में बैठाया

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि सईद अंसारी को पहले चौकी और फिर थाने में वार्ता के नाम पर लाया गया। आरोप



है कि उनका मोबाइल भी बंद करके रख लिया गया। इसकी जानकारी मिलने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता उर्फ मुन्ना शाम करीब 6 बजे अन्य पदाधिकारियों के साथ थाने पहुंचे। पुलिस और कांग्रेसियों में हुई धक्का-मुक्की कांग्रेसियों का आरोप है कि थाना प्रभारी के कार्यालय से बाहर निकलते ही पदाधिकारियों के साथ अभद्रता की गई। इसके बाद पुलिस और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पुलिसकर्मियों और कांग्रेस पदाधिकारियों के बीच धक्का-मुक्की होती दिखाई दे रही है। थाने में धरने पर बैठे कांग्रेसीविवाद के बाद आक्रोशित कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता थाने परिसर में ही धरने पर बैठ गए। उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। करीब आधे घंटे तक थाने में हंगामे की स्थिति बनी रही। बाद में कुछ पुलिसकर्मियों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को समझाकर बातचीत की।

# सौरभ हत्याकांड में सपा प्रतिनिधिमंडल को रोक

**प्रतिनिधिमंडल में सांसद-विधायक समेत 13 नेता शामिल, सपा नेता समेत छह पर केस**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , लीलापुर थाना क्षेत्र के सिंधोरा गांव में संविदा कर्मी सौरभ विश्वकर्मा की पीट-पीटकर हत्या के मामले में सियासत गरमा गई। पीड़ित परिवार से मिलने के लिए समाजवादी पार्टी ने 13 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भेजा था। प्रतिनिधिमंडल को पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी जुटाकर रिपोर्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को सौंपनी थी। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने प्रतिनिधिमंडल को टोल प्लाजा पर रोक दिया। सांसद-विधायकों समेत 13 नेता थे प्रतिनिधिमंडल मेंप्रतिनिधिमंडल में प्रतापगढ़ सांसद एसपी सिंह पटेल, कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सरोज, पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा, रानीगंज विधायक डॉ. आरके वर्मा, पट्टी विधायक राम सिंह पटेल समेत 13 नेता शामिल थे। जानकारी के मुताबिक, सपा के कई नेताओं को हाउस अरेस्ट भी किया गया। प्रतापगढ़ सांसद एसपी सिंह पटेल को लखनऊ स्थित उनके आवास पर हाउस अरेस्ट किए जाने की भी जानकारी सामने आई है।विधायक बोले- परिवार से मिलने तक की अनुमति नहींपट्टी विधायक राम सिंह पटेल ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने रात में ही धारा 163 लागू कर प्रतिनिधिमंडल को टोल प्लाजा पर रोक दिया। उन्होंने कहा कि सपा नेता किसी प्रदर्शन या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने के लिए नहीं, बल्कि पीड़ित परिवार से मिलने और संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे। विधायक ने मांग की कि यदि सुरक्षा कारणों से पूरे प्रतिनिधिमंडल को जाने की अनुमति नहीं है तो कम से कम चार लोगों, जिनमें सांसद और विधायक शामिल हों, को परिवार से मिलने दिया जाए।

# मट्टन नाले में भाई-बहन डूबे, लापता

**पांच बच्चों के साथ नहाने गए थे, तीन सकुशल बचे; परिजनों ने सड़क जाम किया**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ ,मट्टन नाला में सुबह नाग पंचमी के पर्व पर नहाने गए सगे भाई-बहन तेज बहाव की चपेट में आकर लापता हो गए। दोनों अपने पांच दोस्तों के साथ नहा रहे थे। नहाते समय पैर फिसलने से दोनों गहरे पानी में डूब गए, जबकि तीन बच्चे सुरक्षित अपने घर लौटे। तीनों बच्चों ने घटना की जानकारी परिजनों को बताया। घटनास्थल पर परिजन और ग्रामीण पहुंचे। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय गोताखोर और पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों बच्चों की तलाश शुरू कर दी। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम करने का प्रयास किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया और जाम हटवाया। पूरी घटना जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर उदयपुर थाना क्षेत्र की है जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 8:30 बजे ग्राम गाड़ी दर्रा निवासी अरविंद सिंह के पुत्र-पुत्री, 13 वर्षीय महेक (आईशा सिंह) और सात वर्षीय राम सिंह, गांव के तीन अन्य बच्चों के साथ थाना सांगीपुर क्षेत्र के दुल्लापुर घाट स्थित मट्टन नाला में नहाने पहुंचे थे। बताया गया कि नाग पंचमी के पर्व पर बच्चे नदी में स्नान करने और इसके बाद जल चढ़ाने के लिए आए थे। बारिश के कारण इन दिनों मट्टन नाला में पानी की मात्रा अधिक है और बहाव भी तेज है। नहाते समय महेक और राम सिंह नाले में गहर पानी होने के वजह से लापता हो गए। जबकि तीन अन्य सकुशल अपने घर लौट आए।

### बच्चों के घर पहुंचते ही मचा हड़कंप

तीन बच्चों के घर पहुंचकर घटना की जानकारी देने के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। परिजन और ग्रामीण तत्काल मट्टन नाला की ओर दौड़े।

## संक्षेप

### 25 हजार इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**सिंघावली अहीर पुलिस टीम को मिला सम्मान**

बागपत , 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने वाली सिंघावली अहीर पुलिस टीम को सम्मानित किया गया है। पुलिस अधीक्षक बागपत के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई थी, जिसकी क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने सराहना की। सिंघावली अहीर पुलिस ने एक प्रभावी कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। इस गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। इसी क्रम में, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक सिंघावली अहीर थाने पहुंचे। उन्होंने थानाध्यक्ष सूर्यदीप सिंह सहित पूरी पुलिस टीम को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके कार्य की प्रशंसा की। उपस्थित लोगों ने कहा कि पुलिस टीम ने तत्परता और साहस का परिचय देते हुए इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका मानना था कि पुलिस की सक्रियता से अपराधियों में कानून का भय पैदा हो रहा है और आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हो रही है। पुलिस अधिकारियों ने इस अवसर पर बताया कि जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के साथ-साथ आम जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। क्षेत्रीय लोगों ने उम्मीद जताई कि पुलिस इसी तरह आगे भी अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करती रहेगी। सम्मान समारोह के दौरान पुलिस टीम के साहस, तत्परता और उत्कृष्ट कार्यशैली की विशेष रूप से प्रशंसा की गई।

### डबल मर्डर , राहुल अवाना ने की कड़ी कार्रवाई की

**पीड़ित परिवार संग एसपी-डीएम कार्यालय पहुंचे, आर्थिक सहायता की भी अपील**

बागपत , चांदीनगर थाना क्षेत्र के लहेचौड़ा गांव में छह दिन पहले हुए दोहरे हत्याकांड के पीड़ित परिवार ने न्याय की गुहार लगाई है। समाजवादी पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राहुल अवाना पीड़ित परिवार के साथ बागपत के एसपी और डीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। एसपी कार्यालय में राहुल अवाना ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने हत्याकांड के आरोपी महेनत नरेश नाथ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि घटना से पीड़ित परिवार में भय और आक्रोश का माहौल है। अवाना ने पुलिस से पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की भी अपील की। इसके बाद राहुल अवाना पीड़ित परिवार के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने प्रशासन से परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। उनका तर्क था कि दो लोगों की हत्या के बाद परिवार के सामने आर्थिक और सामाजिक परेशानियां खड़ी हो गई हैं, इसलिए सरकार और प्रशासन को पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद करनी चाहिए। पीड़ित परिवार ने भी अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं और हत्याकांड में जल्द कार्रवाई की मांग की। परिवार का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होने से ही उन्हें न्याय का भरोसा मिलेगा।

# 6 हजार परिवार छतों पर रहने को मजबूर

**बारिश में गृहस्थी बर्बाद; लोग बोले- 3 दिन से चूल्हा नहीं जला, लाई-चना खा रहे**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज,रविवार रात 1 बजे से शुरू हुई बारिश मंगलवार शाम तक जारी रही। मंगलवार को 120 मिमी बारिश हुई। तीन दिनों में कुल 209 मिमी बारिश दर्ज की गई। लगातार बारिश से करीब 6 हजार घरों में पानी भर गया है। इनमें अकेले करेली के करीब 2 हजार घर शामिल हैं। जेके नगर, गड्ढा कॉलोनी, सोलह मार्केट, बी ब्लॉक, शम्स नगर, गौस नगर, जाफरी कॉलोनी और बारह मार्केट समेत कई इलाकों में तीन दिन से घरों में पानी भरा है। लोग रात में छतों पर सोने को मजबूर हैं। कई परिवार घर छोड़कर रिश्तेदारों के यहां शिफ्ट हो गए हैं। बहुमंजिला मकानों में रहने वाले लोग ऊपरी मंजिल पर चले गए हैं, लेकिन एक मंजिला घरों में रहने वाले परिवारों के पास छत पर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। रामबाग रेलवे स्टेशन पर भी पानी भर गया है। इसके चलते तीन ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। जार्जटाउन थाने में भी बारिश का पानी भर गया है। प्रयागराज में बारिश ने कई इलाकों की गृहस्थी उजाड़ दी है। शहर के करीब 6 हजार परिवार बारिश की वजह से परेशान हैं। रविवार आधी रात शुरू हुई तेज बारिश के बाद घरों में पानी भरने लगा। लोग नींद से जागे और अफरा-तफरी में जरूरी सामान समेटकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने लगे। जो सामान छत तक ले जा सकते थे, उसे ऊपर रख दिया। मंगलवार को तीसरे दिन भी कई परिवारों का बसेरा छतों पर ही है। घर का सामान बर्बाद होने का गम, व्यवस्था को लेकर गुस्सा और मदद की उम्मीद के साथ लोग अब भी राहत का इंतजार कर रहे हैं।

### मुंडेरा के 500 घरों में पानी भरा

शहर के घनी आबादी वाले मुंडेरा इलाके में हालात बेहद खराब हैं। यहां करीब 500 घरों में पानी भर गया है। लोगों की गृहस्थी का सामान खराब हो गया है। मुंडेरा के रहने वाले हरनाम सिंह ने करीब 2 करोड़ रुपए खर्च कर मकान बनवाया था। अब उसके निचले हिस्से में पानी भरा है। घर के सभी कमरों, किचन, शौचालय, बेडरूम और बरामदे में करीब 2 फीट पानी है। हालात इतने खराब हैं कि पिछले दो दिनों से घर में चूल्हा तक नहीं जला है। पूरा परिवार छत पर रहने को मजबूर है।

# पार्षद के बेटे ने युवक को मारी गोली

**कहासुनी के बाद की फायरिंग, घुटने में गोली लगने से घायल**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , सलोरी में मंगलवार रात मामूली विवाद के बाद एक युवक को गोली मार दी गई। ईश्वर शरण कॉलेज के पास कहासुनी के बाद स्थानीय पार्षद के बेटे पर फायरिंग करने का आरोप है। गोली युवक के दाहिने घुटने के पास लगी, जिसके बाद वह सड़क पर गिर पड़ा। हमलावर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना रात करीब 11:30 बजे सलोरी स्थित ईश्वर शरण कॉलेज के पास की है। घायल युवक की पहचान अंकित सिंह के रूप में हुई है। वह अधिवक्ता है, जबकि उसके पिता ईश्वर शरण महाविद्यालय में कर्मचारी हैं। पुलिस के मुताबिक, अंकित कॉलेज के पास बैठा था। इसी दौरान स्थानीय पार्षद का बेटा वहां पहुंचा और किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।

### कहासुनी के बाद निकाला असलहा

विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच गालीगलौज होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान पार्षद के बेटे ने असलहा निकालकर अंकित पर फायर कर दिया। गोली उसके दाहिने घुटने के पास लगी। वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा, जबकि आरोपी मौके से भाग निकला। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। जानकारी मिलने पर अंकित के परिजन भी वहां पहुंच गए। सूचना पर पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत खतरे से बाहर है।

# मुस्लिम लड़के को होटल में हिंदू लड़की के साथ पकड़ा

**मेरठ में पीटा; हंगामा-नारेबाजी, आरोपी को पुलिस अंडरवियर में थाने लाई**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , दोपहर हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने एक होटल में मुस्लिम लड़के को पकड़कर पीट दिया। वह होटल में 16 साल की हिंदू लड़की के साथ आपत्तिजनक हालत में था। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली। युवक ने सिर्फ अंडरवियर पहन रखी थी, उसी हालत में पुलिस उसे थाने लेकर गई। लड़की के भी घरवालों को थाने बुलाया गया। दावा है कि आरोपी के मोबाइल में लड़की की आपत्तिजनक तस्वीरें थीं। वह उसे वायरल करने की धमकी देकर लड़की को ब्लैकमेल करता था। मामला दोपहर करीब 3 बजे का है। लड़की के घरवालों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। मामला सदर बाजार थाने है। सदर बाजार इलाके में एक होटल है। तीन मंजिला इस होटल में सिर्फ ठहरने की व्यवस्था है। नरसिंह वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष कार्तिक हिंदू के अनुसार, दोपहर करीब तीन बजे उन्हें सूचना मिली कि इस होटल में कुछ मुस्लिम युवक हिंदू युवतियों के साथ पहुंचे हैं। इसके बाद वह अपने कार्यकताओं के साथ होटल पहुंचे। होटल के रिसेप्शन से जानकारी मांगी, लेकिन स्टाफ ने देने से मना कर दिया। इस पर संगठन के कार्यकर्ता होटल के अंदर पहुंच गए। एक कमरे का दरवाजा बंद देखकर उसे खुलवाया। अंदर एक युवक आपत्तिजनक हालत में मिला। उसके साथ लड़की थी। युवक ने अंडरवियर पहन रखा था। पूछताछ में युवक ने अपना नाम फरदीन निवासी घंटाघर बताया। वह सरार्फा कारीगर है। संगठन से जुड़े लोगों ने उसकी पिटाई की। जानकारी पुलिस को भी दी गई। पुलिस ने होटल पहुंचकर युवक को पकड़ लिया।

# बंधे हाथ, दरवाजा अंदर से लॉक, कैसे हुई मौत

**हत्या-आत्महत्या के बीच उलझा डॉ. खुशाली की मौत का राज, परिसर के सीसीटीवी कैमरे खराब**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , पल्लवपुरम में महिला चिकित्सक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला उलझता जा रहा है। पुलिस की तफ्तीश सीसीटीवी कैमरों से शुरू हुई थी और 36 घंटे से ज्यादा बीतने के बाद भी उसी पर अटकी है। जिस बिल्डिंग में महिला चिकित्सक का क्लीनिक था, वहां तीन से चार सीसीटीवी कैमरे मिले हैं लेकिन वारदात के वक्त सभी कैमरे बंद थे। पुलिस का केवल इतना ही कहना है कि लंबे समय से कैमरे खराब चल रहे हैं। सवाल यही है कि जब खुशाली के हाथ बंधे थे और दरवाजा अंदर से लॉक था तो मौत कैसे हुई?

### 16 अगस्त को क्लीनिक में पंखे से लटकी मिली थी

पल्लवपुरम के रॉयल पार्क एक्सटेंशन निवासी खुशाली पुत्री जगदेव सिंह इसी इलाके के फेस 2 में आयुर्वेद एंड नेचुरल सेंटर के नाम से क्लीनिक चलाती थी। सुबह करीब 6:23 बजे वह घर से अपने क्लीनिक के लिए निकल गईं। करीब 8:30 बजे खुशाली की मां सुनीता ने उसे फोन मिलाया तो कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद सुनीता ने बेटे रजत और बहु आयुषि को क्लीनिक पर भेजा। दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने दरवाजा तोड़ा तो अंदर पंखे पर फंदे के सहारे खुशाली का शव लटका हुआ था। दुपट्टे से उसके हाथ आगे की तरफ बंधे थे। खुशाली की मौत को परिवार ने हत्या करार दिया है। उनका कहना है कि बेटी की दहेज को लेकर हत्या की गई है। शादी के बाद से ही उसे परेशान किया जाने लगा था। पिता जगदेव सिंह की तहरीर पर पल्लवपुरम थाने में बीएनएस की धारा 85, 115(2), 80(2) के अलावा दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमे में पति मयंक, सास निर्मला, ससुर हरेंद्र सिंह, देवर निशांत और देवरानी प्रीति को नामजद किया गया है। मामले में मयंक और हरेंद्र सिंह को हिरासत में भी लिया गया है।

### सीओ ने किया वारदात वाली जगह का निरीक्षण

इस पूरे मामले की विवेचना सीओ दौराला कर रहे हैं। सुबह सीओ ने वारदात वाली जगह का निरीक्षण किया। वह पूरी बिल्डिंग में घूमे और वहां लोगों से बात भी की। कुछ सीसीटीवी कैमरे भी दिखाई पड़े लेकिन जब पता किया तो वह खराब निकले। इस जगह के मुख्य दरवाजे पर लगा कैमरा भी काफी लंबे समय से खराब चल रहा है, ऐसी जानकारी पुलिस को दी गई है। आस पास कुछ कैमरे चिह्नित किए हैं लेकिन उनकी दिशा ठीक नहीं है।

### हत्या और आत्महत्या के बीच उलझी वारदात

डाक्टर खुशाली की मौत हत्या और आत्महत्या के बीच उलझकर रह गई है।

मृतका के परिवार का कहना है कि कोई हाथ बांधकर आत्महत्या नहीं करेगा। यहां खुशाली के हाथ आगे की तरफ दुपट्टे से बंधे थे। क्या कोई खुद एक दुपट्टे से अपने हाथ बांध सकता है।

# पेट्रोल डालकर तीन महिलाओं को जिंदा जलाने वाले को उम्रकैद

**हत्या में आजीवन कारावास, जानलेवा हमले में 14 वर्ष की सजा, 80 हजार का अर्थदंड**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , लिसाड़ी गेट क्षेत्र में वर्ष 2018 में पेट्रोल डालकर तीन महिलाओं को जिंदा जलाने और एक की हत्या के मामले में अदालत ने अभियुक्त सोनू उर्फ मोहम्मद अली को कठोर सजा सुनाई है। थाना लिसाड़ी गेट पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते अपर जिला जज न्यायालय संख्या-2 ने सोमवार को अभियुक्त को हत्या के मामले में कठोर आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं जानलेवा हमले के मामले में 14 वर्ष के कठोर कारावास और 30 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अदालत से सजा सुनाए जाने के बाद पुलिस ने अभियुक्त को हिरासत में लेकर जेल में दाखिल करा दिया। अभियोजन की ओर से एडीजीसी सूची शर्मा और पुलिस की ओर से हेड कांस्टेबल नरेश ने मामले में प्रभावी पैरोकारी की। पुलिस के अनुसार, ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन की टीम ने मुकदमे की लगातार निगरानी करते हुए न्यायालय में साक्ष्य और गवाहों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कराया।

### पेट्रोल डालकर लगाई थी आग

मामला तीन मई 2018 का है। मोहम्मद अफजाल पुत्र वसीलुद्दीन निवासी मदरसे के सामने हुमायूं नगर, थाना लिसाड़ी गेट ने पुलिस को तहरीर दी थी। आरोप था कि सोनू उर्फ मोहम्मद अली पुत्र छोटे खां निवासी मोहल्ला कुरैशियान, थाना कोतवाली, जनपद ज्योतिबाफुले नगर ने वादी की मां सलमा, बहन सुरैया और भांजी अलीशा पर जान से मारने की नीयत से पेट्रोल डालकर आग लगा दी।गंभीर झुलसी अलीशा ने तोड़ा दमघटना में अलीशा गंभीर रूप से झुलस गई और उसकी मौत हो गई।

# 2 साल के बच्चे को कार ने कुचला

**टक्कर के बाद बच्चे के ऊपर से गाड़ी निकालकर भागा चालक, पीआईसीयू में भर्ती**

अमन लेखनी समाचार




लोनी, खेल रहे 2 साल के बच्चे को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। आरोप है कि टक्कर के बाद भी चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और बच्चे के ऊपर से कार निकालकर मौके से भाग गया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को दिल्ली के कड़कड़डूमा स्थित कैलाश दीपक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने उसे ढकउव में रखा है। रामप्रस्थ निवासी पवन सारस्वत ने बताया कि उनका बेटा दिवित सारस्वत 16 अगस्त को दोपहर करीब 12:44 बजे घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। बच्चे के सड़क पर गिरने के बाद चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और उसके ऊपर से कार निकालकर भाग गया। लोगों ने रोकने की कोशिश की, चालक नहीं रुका हादसे के समय आसपास मौजूद लोगों ने कार चालक को रोकने की कोशिश की। लोगों ने शोर मचाकर गाड़ी रोकने के लिए कहा, लेकिन चालक कार लेकर फरार हो गया। बच्चे की मां पूजा सारस्वत मौके पर पहुंचीं और परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर गए। परिजनों के मुताबिक, बच्चे के सिर में गंभीर चोट लगी है। नाक से खून आया और शरीर में अंदरूनी चोटें भी हैं। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए बच्चे को में भर्ती किया हैपीआईसीयू से कार की पहचानपरिजनों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में कार का नंबर सामने आया है। बच्चे के पिता ने लिंक रोड थाने में शिकायत देकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार चालक की पहचान शुरू कर दी है। मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मुस्कान को अरेस्ट करने वाली महिला दरोगा सस्पेंड

**वीडियो बनाकर शेयर करती क्यूआर कोड, मेरठ के एसएसपी ऑफिस में तैनात थी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,पति के टुकड़े करने वाली मुस्कान को जिस महिला दरोगा ने गिरफ्तार किया था, उसे सस्पेंड किया गया है। महिला दरोगा से जुड़ा एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आया था। इसके बाद यह कार्रवाई की गई। महिला दरोगा अनु मूलरूप से प्रयागराज की रहने वाली है। वह 2023 बैच की सब इंस्पेक्टर है। सौरभ हत्याकांड के समय अनु ब्रह्मपुरी थाने में तैनात थी। इसके बाद उसका ट्रांसफर एसएसपी ऑफिस में किया गया था। अनु को मेरठ में पहली पोस्टिंग रोहटा थाने में मिली थी।

### यूट्यूबर महिला दरोगा की शिकायत करते हुए बोला- योगीजी वीडियो देखिए

एक यूट्यूबर युवक ने महिला दरोगा अनु के सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर शिकायत की थी। अपनी बात कहने के लिए उसने एक वीडियो भी जारी किया था। जिसमें वो कहता है- योगी जी, नमस्ते। यार, आप चाहे कुछ भी कह लो, आप सबसे क्यूटेस्ट पर्सन हैं। योगी जी मेरे सबसे फेवरेट प्राइम मिनिस्टर हैं। मतलब मुंह से गलत निकल गया, बट आप सोचो, मैं सही जा रहा हूं ना। 29 नहीं तो क्या हुआ, 34। फुल सपोर्ट रहेगा सर मेरा। सर, मैं आपको एक वीडियो दिखाना चाहता था। यह वीडियो देखो। मैं जानता हूं, योगी जी, गलत वीडियो है और आपका गुस्सा बनता है। आप बेसिकली इन सब चीजों में बिल्कुल भी ध्यान-व्यान नहीं देते हो। यह वीडियो एनी कॉलिस का है, जो उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। इनके इंस्टाग्राम और यूट्यूब चैनल हैं। इन पर वह रील्स पोस्ट करती हैं। यूट्यूब चैनल पर कुछ आपत्तिजनक वीडियो भी आते हैं। साथ में दफ कोड भी दिखाई देता है। बेसिकली, डोनेशन के लिए। परपज समझ रहे हैं ना आप?

उत्तर प्रदेश की जो यह वर्दी है, इसकी गरिमा का कुछ मैटर-वेटर अगर हो जाए। अब हमारे साहब जो हैं, राजीव कृष्ण जी। मतलब, हमारा देश का सबसे इंपॉर्टेंट राज्य है। वन ऑफ द मोस्ट इंपॉर्टेंट राज्य उत्तर प्रदेश और उसकी पुलिस। अगर किसी ने देख लिया सर। मैं कह रहा हूं, हरियाणा पुलिस वालों ने देख लिया कि भाई, रात को दफ कोड चल रहे हैं उत्तर प्रदेश पुलिस के। मतलब, अंदर-अंदर व्हाट्सऐप ग्रुप पर खूब मजाक उड़ाते हैं। आपका रूल्स एंड रेगुलेशन है ना। उनके अगेंस्ट स्टेप लेना चाहिए। पावर है, मतलब मेरे पास है नहीं, इसलिए मैं सब कुछ अलाउ करता हूं। इंस्टाग्राम पे करिए, यूट्यूब पे भी कीजिए। बस वो क्या है कि वर्दी की थोड़ी सी गरिमा गिर जाती है। योगी जी, राजीव कृष्ण जी, एक बात बताऊं मैं। एक सीधा सा सर्कुलर, एक नोटिफिकेशन निकाल दो कि पुलिस वाले या जो ब्यूरोक्रेट्स होते हैं ना, जो बड़े पदों पर हैं, जो अच्छे इंपॉर्टेंट, महत्वपूर्ण पदों पर हैंउनको सोशल मीडिया पर इस प्रकार के ड्रामे या सोशल मीडिया पर यह सब करना अलाउड नहीं होना चाहिए।गलत लगता है। बेइज्जती होती है। आप मानो या ना मानो, गरिमा गिरती है। इज्जत गिरती है।बाकी बढ़िया योगी जी। बिग फैन।अनु एक इंस्ट्राग्राम पर एनी कॉलिस नाम से अकाउंट है।

# नोएडा में दो महिलाओं से फ्रॉड

**डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 44 लाख, शिकायत के बाद साइबर सेल कर रहा जांच**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,साइबर ठगों ने दो महिलाओं को सरकारी जांच और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में फंसाने का डर दिखाकर 43.91 लाख रुपए ठग लिए। एक मामले में ठग ने खुद को दूरसंचार विभाग का कर्मचारी बताया, जबकि दूसरे में मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर महिला को फोन किया। दोनों मामलों में पीड़िताओं ने को साइबर क्राइम थाने में शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।केस-1: आधार से जुड़े मोबाइल नंबर से साइबर अपराध का डर दिखाया बिसरख निवासी अनीता श्रीवास्तव के मोबाइल पर 5 अक्टूबर 2025 को एक व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को दूरसंचार विभाग का कर्मचारी बताया। आरोपी ने कहा कि अनीता के आधार कार्ड से जुड़ा एक मोबाइल नंबर साइबर अपराध में इस्तेमाल हुआ है। इसके चलते मोबाइल बंद कराने के साथ गिरफ्तारी की बात भी कही। डराने के बाद ठग ने महिला को अपने बताए खाते में रकम भेजने के लिए तैयार कर लिया। आरोपी वीडियो कॉल के जरिए महिला पर नजर रखता रहा।

# किसानों को रोकने धरना स्थल पर डाली मिट्टी

**प्रदर्शन कर रहे कई किसान नेता हाउस अरेस्ट**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों को रोकने के लिए प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। प्रदर्शन स्थल पर मिट्टी डालने का आरोप है, वहीं कई किसान नेताओं को हाउस अरेस्ट किया गया और अन्य प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। किसान 10 आबादी भूखंड, बढ़े हुए मुआवजे और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी अन्य मांगों को लेकर महापड़ाव कर रहे थे। किसानों ने 17 अगस्त को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का घेराव करने का आह्वान किया था। इस विरोध प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन और सुरक्षा बलों ने व्यापक इंतजाम किए। प्राधिकरण तक पहुंचने वाले रास्तों पर अवरोधक लगाए गए और धरना स्थल पर मिट्टी डाली गई, ताकि किसान वहां एकत्रित न हो सकें।

### ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के घेराव की योजना

किसान नेता रुपेश वर्मा ने बताया कि किसान सभा के नेतृत्व में को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के घेराव की योजना बनाई गई थी। इसमें गौतम बुद्ध नगर के तीन किसान संगठन और कई अन्य संगठन शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन ने पहले से तैयारी कर किसान नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया और धरना स्थल पर पहुंचे अन्य किसानों को भी गिरफ्तार किया।

# सातवीं मंजिल से कूदी महिला, मौत

**पति की पहले हो चुकी थी मौत, लंबे समय से डिप्रेशन में थी; बहन के घर आई थी**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,हाइड पार्क सोसाइटी में सुबह एक महिला ने सातवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। घटना थाना सेक्टर-113 क्षेत्र की है। मृतका की पहचान दिल्ली के विकासपुरी निवासी प्रभजोत कौर (55) के रूप में हुई है। वह शुक्रवार को अपनी बहन के घर रहने के लिए नोएडा आई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, प्रभजोत कौर अक्सर नोएडा में अपनी बहन सतविंद्र कौर के घर आती थीं। सतविंद्र कौर हाइड पार्क सोसाइटी के पांचवें तल पर परिवार के साथ रहती हैं। सुबह करीब 8 बजे प्रभजोत सातवीं मंजिल पर पहुंचीं। वहां कुर्सी पर चढ़कर उन्होंने छलांग लगा दी। ऊंचाई से गिरने के कारण प्रभजोत गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पति की हो चुकी है मौत, बच्चे अलग रहते हैं पुलिस जांच में सामने आया है कि पभजोत के पति की पहले ही मौत हो चुकी है।

# महिला सुरक्षा सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं ड्ळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर**

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना का सीएम ने किया शुभारंभ



**23 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास**

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर स्थित बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षागृह सभागार से विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान महायोगी गुरु गोरखनाथ की पावन धरा पर आयोजित प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवानों के सम्मेलन को संबोधित किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान पीआरडी जवानों से जुड़ी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ ही विकास कार्यों को गति देने पर जोर दिया। इस अवसर पर 23 करोड़ रुपये की लागत से लखनऊ स्थित ग्राम-परवर पश्चिम, सरोजनी नगर में बहुमंजिला पीआरडी बैरक का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही प्रदेश के पीआरडी जवानों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना का भी शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। योजना से पीआरडी जवानों और उनके परिवारों को उपचार के दौरान कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा।

# प्रांतीय रक्षक दल के जवानों के लिए मुख्यमंत्री जी की बड़ी सौगात

**5 लाख तक कैशलेस उपचार एवं ड्यूटी भत्ते में रूपया 100 की वृद्धि।**

**कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री जी के संबोधन का हुआ सजीव प्रसारण, पीआरडी जवानों ने उत्साहपूर्वक सुना संबोधन।**

**ड्यूटी भत्तारूपया 500 से बढ़ाकर रूपया 600 किए जाने पर जवानों ने जताया हर्ष।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवानों के सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संबोधन का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण अधिकारीगण एवं प्रांतीय रक्षक दल के जवानों ने मुख्यमंत्री जी के संबोधन को देखा एवं सुना। मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रांतीय रक्षक दल के जवानों के हित में महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। मुख्यमंत्री जी ने कैशलेस उपचार योजना के अंतर्गत प्रत्येक पीआरडी जवान को रूपया 5 लाख तक के कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की। इस सुविधा का लाभ प्रदेश के लगभग 31,000 प्रांतीय रक्षक दल के जवानों को मिलेगा। जनपद सोनभद्र के 428 पीआरडी जवान भी इस महत्वपूर्ण सुविधा से लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री जी ने प्रांतीय रक्षक दल के जवानों के ड्यूटी भत्ते में रूपया 100 की वृद्धि करते हुए इसे रूपया 500 से बढ़ाकर रूपया 600 प्रतिदिन किए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री जी की इस घोषणा से पीआरडी जवानों में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल रहा। उपस्थित जवानों ने मुख्यमंत्री जी द्वारा उनके हित में की गई घोषणाओं का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया तथा इसे जवानों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ के प्रतिनिधि संजीव कुमार त्रिपाठी, बीओ पीआरडी प्रदीप कुमार सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित प्रांतीय रक्षक दल के जवान उपस्थित रहे। माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं से पीआरडी जवानों को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। इससे जवानों में अपने दायित्वों के प्रति और अधिक उत्साह एवं समर्पण की भावना को बल मिलेगा।

**खास समाचार**

# जनसुनवाई में छात्रा की समस्या पर जिलाधिकारी ने लिया त्वरित संज्ञान, उपलब्ध कराई साइकिल

**मिशन शक्ति के तहत महिला एवं बालिका सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में पहल**

**लाचार आवागमन व्यवस्था से जूझ रही छात्रा को मिली राहत, दादा-पोती की आंखों में छलके खुशी के आंसू।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। जनसुनवाई के दौरान चतरा विकासखंड के संडा गांव निवासी रामनारायण अपनी नातिन संध्या की समस्या को लेकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के समक्ष पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनकी नातिन कक्षा 7 में हरे कृष्णा कुशवाहा इंटरमीडिएट कॉलेज चतरा में पढ़ती है, जो उनके घर से लगभग 8 किलोमीटर दूर है। आवागमन की समुचित व्यवस्था न होने तथा आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण संध्या को प्रतिदिन पैदल विद्यालय आना-जाना पड़ता है। छात्रा की समस्या एवं लचर आवागमन व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया और संध्या को साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साइकिल मिलने से छात्रा के विद्यालय आने-जाने की समस्या का समाधान हुआ। यह पहल मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला व बालिका सशक्तिकरण बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहन तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। साइकिल पाकर रामनारायण एवं उनकी नातिन संध्या की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। उन्होंने जिलाधिकारी को बार-बार धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा एवं सुरक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग सुनिश्चित करेगा।

# शक्तिनगर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी मे 2 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध तथा चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा क्षेत्र में रोकथाम जुर्म जरायम एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर एम0जी0आर0 बस्ती रेलवे लाइन के पास से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 02 अभियुक्तों सूरज गिरी एवं शिवा कुमार स्वीपर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से हीरो स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाइकिल संख्या वढ64इउ0234 बरामद की गई। पूछताछ एवं जांच के दौरान अभियुक्तों द्वारा उक्त मोटरसाइकिल को दिनांक 15.08.2026 को रेलवे लाइन फील्ड के पास काली मंदिर, शक्तिनगर से चोरी करना स्वीकार किया गया। बरामद मोटरसाइकिल का ई-चालान एप के माध्यम से मिलान करने पर वाहन स्वामी अशोक गुप्ता पुत्र शिवजी शाह, निवासी काली मंदिर बस स्टैण्ड, शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र के नाम पंजीकृत होना पाया गया। वादी मुकदमा अशोक गुप्ता को मौके पर बुलाकर मोटरसाइकिल की पहचान कराई गई, जिस पर वादी द्वारा उक्त मोटरसाइकिल को अपनी चोरी गई मोटरसाइकिल के रूप में पहचान की गई। बरामदगी एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर थाना शक्तिनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-153/2026, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियुक्तगण को दिनांक 17.08.2026 को समय करीब 20:21 बजे विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरांत मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# बाड़ी खन्ना कैंप के सामने स्टेट हाईवे पर ढाई फीट गहरा गड्ढा, हादसों को दे रहा न्योता

**अमन लेखनी समाचार**



डाला, सोनभद्र। स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के बाड़ी खन्ना कैंप के सामने स्टेट हाईवे पर सड़क के बीचों-बीच बना करीब ढाई फीट गहरा गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। बारिश के चलते गड्ढे में पानी भर जाने से इसकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे आए दिन वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में जिम्मेदार विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक स्टेट हाईवे पर दिन-रात छोटे-बड़े वाहनों का लगातार आवागमन रहता है। ऐसे व्यस्त मार्ग पर बीच सड़क में इतना बड़ा गड्ढा होना किसी बड़े हादसे को आमंत्रण देने जैसा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति बेहद जोखिमपूर्ण बनी हुई है। पानी भरे होने के कारण दूर से गड्ढा दिखाई नहीं देता और अचानक वाहन उसके अंदर चले जाने से चालक का संतुलन बिगड़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढे के कारण बाइक सवारों के गिरने और चोटिल होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं, ऑटो चालक भी गड्ढे से बचने के प्रयास में अचानक वाहन मोड़ने को मजबूर होते हैं, जिससे ऑटो के अनियंत्रित होने और पलटने का खतरा बना रहता है। कार और अन्य चार पहिया वाहन चालकों के लिए भी यह गड्ढा खतरनाक साबित हो सकता है, खासकर जब वाहन तेज गति से आ रहा हो। रात के समय समस्या और गंभीर हो जाती है। पर्याप्त रोशनी और गड्ढे के आसपास किसी प्रकार के संकेतक अथवा सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से वाहन चालकों को सड़क के बीच बने गड्ढे का समय रहते पता नहीं चल पाता। अचानक गड्ढा सामने आने पर चालक वाहन पर नियंत्रण खो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

## स्थायी मरम्मत की मांग

क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराते हुए सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि महज खानापूर्ति के बजाय गड्ढे को पूरी तरह भरकर सड़क की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराई जाए, ताकि दोबारा ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो।

# पंचमुखी महादेव मंदिर पहुंचकर जिलाधिकारी ने की पूजा-अर्चना

**श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज पंचमुखी महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना एवं दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा मंदिर परिसर में सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार रॉबर्ट्सगंज अमित सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# कुछ साल पहले बनी सड़क बदहाल, गड्ढों में तब्दील हुआ नौआबारी-तुरकहिया मार्ग

**अमन लेखनी समाचार**



महराजगंज। निचलौल ब्लॉक क्षेत्र में नौआबारी से तुरकहिया तक बनी सड़क की तस्वीरें सड़क की बदहाली की कहानी बयां कर रही हैं। ग्रामीणों के मुताबिक सड़क का निर्माण अभी कुछ वर्ष पहले ही हुआ था, लेकिन वर्तमान में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भरने से राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण सड़क समय से पहले ही टूटकर जर्जर हो गई। सड़क पर गिट्टियां उखड़ने और गड्ढे बढ़ने से दोपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

पांच साल के भीतर सड़क टूटने पर जिम्मेदारी तय करने का निर्देश

मुख्यमंत्री की ओर से सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यदि सड़क निर्धारित अवधि से पहले खराब होती है तो संबंधित विभाग और ठेकेदार की जिम्मेदारी तय कर उसकी मरम्मत कराई जाए। ऐसे में ग्रामीणों ने नौआबारी-तुरकहिया मार्ग की जांच कराकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई और सड़क का पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग को मौके पर पहुंचकर सड़क की स्थिति का निरीक्षण कर जल्द आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

# जन्मदिवस पर छात्राओं के बीच पहुंचे जिलाधिकारी नवाचार के रूप में मनाया जन्मदिवस

**विशेष अवसरों की खुशियां बच्चों के साथ साझा करने के लिए अधिकारियों को किया प्रेरित।**

**स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल शिक्षा का लिया जायजा।**

**विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अपने जन्मदिवस को एक नवाचार के रूप में मनाते हुए आज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंचकर छात्राओं के बीच अपना जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्यजीव प्रभाग, मिजार्पुर आरुषि मिश्रा भी उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ने छात्राओं के साथ केक काटकर जन्मदिवस की खुशियां साझा कीं तथा उनके साथ भोजन भी ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, रुचियों एवं भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं से पूछा कि वे भविष्य में क्या बनना चाहती हैं और समाज एवं देश के विकास में किस प्रकार अपना योगदान देना चाहती हैं। छात्राओं ने विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने एवं अपने निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की। जिलाधिकारी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में बड़ा लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं लगन के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि बेटियां आज शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, प्रशासन, खेल, तकनीक, सेना सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। छात्राएं अपनी क्षमता और प्रतिभा को पहचानते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर जनपद के अधिकारियों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन के विशेष एवं खुशी के अवसरों को विद्यालयों, आश्रम पद्धति विद्यालयों एवं अन्य बाल संस्थानों में जाकर बच्चों के साथ साझा किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा बच्चों के बीच जाकर उनके साथ समय बिताने, संवाद करने और खुशियां साझा करने से बच्चों में अपनत्व, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक भावनाओं का विकास होगा उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास बच्चों के जीवन में खुशी के विशेष क्षण पैदा करते हैं और उन्हें यह एहसास कराते हैं कि समाज के जिम्मेदार लोग भी उनके साथ खड़े हैं। इससे बच्चों के भीतर नई ऊर्जा, उत्साह एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा जागृत होगी। जिलाधिकारी ने विद्यालय में स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल माध्यम से छात्राओं को दी जा रही शिक्षा का जायजा लिया। उन्होंने डिजिटल संसाधनों के उपयोग, शिक्षण प्रक्रिया एवं छात्राओं की सहभागिता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा को और अधिक रोचक एवं प्रभावी बनाया जा सकता है। छात्राओं को डिजिटल शिक्षा का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालय में आने-जाने के मार्ग, छात्राओं के पठन-पाठन तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित जो भी आवश्यकताएं हैं, उनका तत्काल आकलन कर प्रस्ताव/मांग पत्र प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया कि छात्राओं को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, पौष्टिकता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेल प्रतियोगिताएं जरूरी : मनोज जायसवाल

**जगदीश प्रसाद/विंध्यज्योति**



मिजार्पुर। मिजार्पुर नगर विधानसभा के गैपुरा मंडल अंतर्गत ग्रामसभा भिलौरा स्थित भिलौरा प्राथमिक विद्यालय में आयोजित समाजसेवी कबड्डी प्रतियोगिता में भाजपा नेता मनोज जायसवाल सम्मिलित हुए। उन्होंने फीता काटकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को उचित मंच और प्रोत्साहन मिलने से युवा अपनी प्रतिभा को निखारकर आगे बढ़ सकते हैं। मनोज जायसवाल ने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता के विकास का भी सशक्त माध्यम है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करती हैं तथा उन्हें सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने आयोजकों एवं समाजसेवियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए, ताकि गांवों की प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों एवं उपस्थित ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर धीरज बिंद ,शिवसागर बिंद, रामबचन बिंद, अनिल सिंह, राजू बिंद, राकेश सरोज, राजेंद्र प्रसाद बिंद, नीरज बिंद, व ग्रामवासी एवं खिलाड़ी लोग उपस्थित रहे।

# विंध्य धाम में रातभर गूंजे भक्ति गीत, मां विंध्यवासिनी का हुआ भव्य श्रृंगार

**अमन लेखनी समाचार**

विंध्याचल। सावन के तीसरे सोमवार की रात मां विंध्यवासिनी देवी के प्रांगण में श्री विंध्य नाग पंचमी वार्षिकोत्सव पूजन समिति की ओर से अखिल भारतीय वर्षा ऋतु संगीत मास समारोह के शुभारंभ के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि मीरजापुर नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र ने मां विंध्यवासिनी देवी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मां का भव्य श्रृंगार किया गया तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम में भक्ति गीतों और श्रावण के पारंपरिक गीतों की गूंज से पूरा विंध्य धाम भक्तिमय बना रहा। आयोजनकर्ता पंडित रघुवर दयाल उपाध्याय ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ ही प्राचीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को नई पीढ़ी से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी सनातन धर्म की परंपराओं और मान्यताओं को समझे तथा इनके संरक्षण और उत्थान में अपनी भूमिका निभाए, इसी उद्देश्य से आयोजन किया जा रहा है। पंडित ईश्वर दत्त त्रिपाठी ने कहा कि आयोजन को केवल पूजा, श्रृंगार और प्रसाद वितरण तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि इसके माध्यम से सनातन एवं हिंदू परंपराओं के प्रति युवाओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आधुनिकता और तकनीकी युग के प्रभाव में युवा अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक जड़ों से दूर हो रहे हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से उन्हें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ‘कोटि’ शब्द को लेकर प्रचलित धारणा पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि धार्मिक संदर्भ में कोटि का अर्थ प्रकार भी होता है, जिसे केवल करोड़ के अर्थ में लेना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



## प्रेम कीटाणु का टीजर रिलीज, दोस्ती के किस्से और प्यार के लफड़े

मुंबई। वीर पाहड़िया की फिल्म 'प्रेम कीटाणु' का टीजर सामने आ चुका है। यह काफी मजेदार है और इससे फिल्म की कहानी का अंदाजा हो रहा है। फिल्म कॉलेज लाइफ पर आधारित है और वीर पहाड़िया छात्र बने दिख रहे हैं। कॉलेज लाइफ वाली मस्ती है और इश्क-मोहब्बत वाले चक्कर भी हैं। टीजर की शुरुआत रैगिंग के एक सीन से होती है। छात्रों का पूरा गुट है और सीनियर रेगिंग करते दिख रहे हैं। आगे कई मजेदार डायलॉग और सीन हैं। वीर बैक बेंचर स्टूडेंट बने दिख रहे हैं। उन्हें श्राप मिला है। वह क्या है? यह आपको टीजर देखकर पता चलेगा। टीजर जारी करते हुए वीर पहाड़िया ने लिखा है, 'दोस्ती के किस्से हो या प्यार के लफड़े। लाइफ इनके बिना अधूरी है।'

लाइफ Style



# प्रियंका

## 40 की उम्र में कोई टाइमलाइन नहीं

बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपने कूल और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में 40 की उम्र पार कर चुकी प्रियंका ने अपनी एज ग्रुप के लोगों की लाइफस्टाइल और माइंडसेट पर एक बहुत ही मजेदार और रिलेटेबल पोस्ट शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


प्रियंका ने बताया कि 40 की उम्र में लाइफ की कोई फिक्स टाइमलाइन नहीं होती, बल्कि यह सिर्फ कूल वाइब्स और मस्ती के बारे में होती है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक बहुत ही फनी नोट शेयर किया। इस नोट में उन्होंने समझाया कि 40 की उम्र का फेज कितना अजीब और मजेदार होता है. उन्होंने लिखा कि इस उम्र में एक दोस्त दादी बन चुकी होती है, तो वहीं दूसरी का अभी-अभी नया बच्चा हुआ होता है। कोई अपनी मैरिज की 20वीं एनिवर्सरी सेलिब्रेट कर रहा होता है, तो कोई 25 साल के यंग लड़के को डेट कर रहा होता है। प्रियंका ने चुटकी लेते हुए कहा कि हममें से आधे लोग तो आज भी 28 साल के लगते हैं, लेकिन बाकी आधे लोग ऐसे हैं जिनकी सोते-सोते ही मसल में खिंचाव आ जाता है। 40 की एज में कोई फिक्स टाइमलाइन नहीं होती, बस अपनी-अपनी वाइब्स होती हैं। अगर प्रियंका चोपड़ा के वर्कफ्रंट की बात करें, तो वह जल्द ही डायरेक्टर एसएस राजामौली की अपकमिंग पैन इंडिया फिल्म 'वाराणसी' से इंडियन सिनेमा में धमाकेदार कमबैक करने जा रही हैं। इस फिल्म के जरिए वह अपना तमिल सिनेमा डेब्यू भी करेंगी।

हॉलीवुड मसाला





## एक्स-मैन के सितारों से उठा परदा

लॉस एंजिल्स। मार्वल स्टूडियोज ने अपनी लाइव-एक्शन फिल्म एक्स-मैन रीबूट का ऐलान कर दिया है। इसका निर्देशन जेक श्रेयर करेंगे। फिल्म का टाइटल फिलहाल तय नहीं। मगर, फिलहाल इसकी स्टारकास्ट को लेकर दिलचस्प खुलासा हुआ है। डी-23 इवेंट में फिल्म के सितारों से परदा उठा। फिल्म 'एक्स-मैन' में क्रिस्टोफर एबॉट को चार्ल्स जेवियर यानी प्रोफेसर एक्स का रोल निभाते देखा जाएगा। उनके अलावा एडम ड्राइवर और 'ऑब्सेशन' से चर्चा में आई अभिनेत्री इंडे नवारेटे भी फिल्म का हिस्सा बनी हैं।



## हीरोज और नैशविले शो से हासिल की थी लोकप्रियता

लॉस एंजिल्स। चर्चित अमेरिकन अभिनेत्री हेडन पैनेटीयर का 36 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। बतौर बाल कलाकार कॅरियर शुरू करने वाली हेडन ने बाद में 'हीरोज' और 'नैशविले' जैसे शो के जरिए लोकप्रियता हासिल की। हेडन पैनेटीयर ने कॅरियर बतौर बाल कलाकार शुरू किया था। बाद में उन्होंने टेलीविजन और फिल्मों में अपनी पहचान बनाई। उन्हें साइंस-फिक्शन ड्रामा 'हीरोज' में क्लेयर बेनेट के किरदार से अच्छी लोकप्रियता मिली। बाद मे उन्होंने म्यूजिकल ड्रामा 'नैशविले' में जूलियट बार्न्स का रोल निभाया, जिसे उन्होंने 2012 से 2018 तक किया। हेडन की फिल्मों में रिमेंबर द टाइटन्स, रेजिंग हेलेन', आइस प्रिंसेस, आई लव यू बेथ कूपर, स्क्रीम 4 और 'स्क्रीम 5 शामिल हैं।



## हत्या की गुत्थी सुलझाती दिखेंगी निमिषा


मुंबई। सोमवार को अभिनेता बरुन सोबती की अगली फिल्म 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' की रिलीज डेट मेकर्स ने जारी की। यह एक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा पर आधारित है। फिल्म एक हत्या के केस और उसकी तहकीकात से जुड़ी है। इसे 'पाताल लोक' के मेकर्स ने ही बनाया है। फिल्म 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' में मुख्य किरदार बबीता सिंह नाम की एक एसआई का है, जिसके पास एक हत्या का केस आता है। इस दौरान उसका सामना कई रहस्यों और खतरों से होता है। फिल्म की कहानी एसआई के जीवन की मुश्किलों पर बात करती है। इस पूरे सफर में वह खुद की खोज भी करती है। फिल्म 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' 28 अगस्त से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। एएसआई बबीता सिंह उर्फ बेबी का रोल निमिषा सजयन ने निभाया है।



## फिर लौटेगी इमरान हिमेश की जोड़ी

मुंबई। अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'आवारापन 2' की सफलता को देखते हुए इमरान हाशमी ने सोमवार को अपनी फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस कर दी। इमरान की अगली फिल्म होगी 'गन मास्टर जी9' जो इसी साल रिलीज होगी। खास बात यह है कि इस फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया ने दिया है। इसके जरिए इमरान और हिमेश की हिट जोड़ी कई साल बाद साथ काम करेगी। फिल्म 'गन मास्टर जी9' की जानकारी इमरान और मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी। फिल्म में इमरान हाशमी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसमें उनके अपोजिट जेनेलिया डिसूजा फीमेल लीड रोल में होंगी। अपारशक्ति खुराना भी फिल्म में अहम भूमिका निभाते दिखाई देंगे। फिल्म का निर्माण दीपक मुकुट, संगीता अहीर और हुनर मुकुट ने किया है।

टीवी मसाला




## अमिताभ ने अपने सरनेम के पीछे की बताई कहानी

नई दिल्ली। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन आज हिंदी सिनेमा की पहचान बन चुके हैं। बिग बी के सरनेम के पीछे की कहानी बेहद दिलचस्प है। हाल ही में 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के एक एपिसोड में अमिताभ ने खुद बताया कि उनके पिता और महान हिंदी कवि हरिवंश राय बच्चन ने जाति व्यवस्था से दूरी बनाए रखने के लिए परिवार के लिए 'बच्चन' सरनेम चुना था। शो में कंटेस्टेंट डॉ. जागृति ने बताया कि उनकी जड़ें प्रयागराज से हैं और उन्होंने सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाई की है। यह सुनकर अमिताभ ने अपने बचपन के दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि सेंट मैरी कॉन्वेंट उनका भी पहला स्कूल था। इसी दौरान उन्होंने अपने सरनेम से जुड़ा किस्सा साझा किया। अमिताभ ने बताया कि जब उनके माता-पिता उन्हें स्कूल में दाखिला दिलाने ले गए, तो फॉर्म में जाति का कॉलम भी था। उनके पिता हरिवंश राय बच्चन हमेशा से ही जातिवाद के खिलाफ थे और उन्हें जाति के आधार पर पहचान पसंद नहीं थी। ऐसे में उन्होंने उस कॉलम में अपनी जाति के तौर पर 'बच्चन' लिख दिया। यही आगे चलकर परिवार का सरनेम बन गया और अमिताभ बच्चन की पहचान का हिस्सा भी। अमिताभ के जन्म के समय उनका नाम अमिताभ श्रीवास्तव था। उनका जन्म 11 अक्टूबर 1942 को इलाहाबाद, जिसे अब प्रयागराज कहा जाता है, में हुआ था। उनके पिता हरिवंश राय बच्चन हिंदी साहित्य के दिग्गज कवियों में शामिल थे। मधुशाला उनकी सबसे चर्चित रचनाओं में से एक है।

### फरहाना पर भड़क गई थीं अविका, अब मांगी माफी

नई दिल्ली। एक्ट्रेस अविका गौर इन दिनों रोहित शेट्टी के स्टंट रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर खूब सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में शो के



दौरान अविका गौर और फरहाना भट्ट के बीच भी एक छोटी सी अनबन देखने को मिली थीं। दरअसल, शो में एक टास्क के दौरान अविका गौर को फरहाना भट्ट की टीम में शामिल किया गया था। जब अविका उनकी टीम में आईं, तो फरहाना ने बड़े ही प्यार से उनका वेलकम किया और अच्छे गेम के लिए ऑल द बेस्ट कहा। लेकिन, उस वक्त अविका का मूड थोड़ा खराब था और उन्होंने काफी रूखे टोन में फरहाना से कह दिया कि आप तो चाहती ही नहीं थीं कि मैं आपकी टीम में आऊं। सभी कंटेस्टेंट्स इंडिया वापस लौट आए हैं, तो अविका को अपने उस बिहेवियर का अहसास हुआ। उन्होंने इंस्टाग्राम पर उस मोमेंट का वीडियो शेयर करते हुए फरहाना को टैग किया और लिखा कि मुझे सच में अपना वो बिहेवियर बिल्कुल पसंद नहीं आया। फरहाना मुझे प्लीज माफ कर दो।

## अल्लू अर्जुन ने की डीसी द ब्लडी वैलेंटाइन की जमकर तारीफ

मुंबई। साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने डायरेक्टर अरुण माथेश्वरन की फिल्म 'डीसी द ब्लडी वैलेंटाइन' की जमकर तारीफ की है। महेश बाबू के बाद अब अल्लू अर्जुन भी उन सितारों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने इस एक्शन थ्रिलर की तारीफ की है। फिल्म देखने के बाद पुष्पा स्टार ने सोशल मीडिया पर इसे तमिल क्लासिक बताया और हर फिल्म प्रेमी से इसे देखने की अपील की। अल्लू अर्जुन ने एक्स पर फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'डीसी देखी। यह एक तमिल क्लासिक है। हर फिल्म लवर को इसे जरूर देखना चाहिए। जो लोग इसे समझते हैं, उनके लिए यह कविता है।' एक्टर ने फिल्म की पूरी टीम को बधाई दी।

उन्होंने खास तौर पर डायरेक्टर अरुण माथेश्वरन के काम की तारीफ करते हुए कहा कि फिल्म में उनके काम के लिए उन्हें सबसे ज्यादा सम्मान मिलना चाहिए। अल्लू अर्जुन ने फिल्म के म्यूजिक की भी खूब तारीफ की। उन्होंने अनिरुद्ध रविचंदर को 'एब्सोल्यूट मास्टर बूस्टर बताया। इसके अलावा उन्होंने फिल्म के तकनीकी पक्ष और कलाकारों के काम को भी सराहा। एक्टर ने वामिका गब्बी और फिल्म के लीड एक्टर लोकेश



कनगराज की परफॉर्मेंस की भी तारीफ की। लोकेश को संबोधित करते हुए अल्लू अर्जुन ने उन्हें 'माय डायरेक्टर' कहा और अपना सबसे बड़ा सपोर्ट सिस्टम बताया। डीसी द ब्लडी वैलेंटाइन 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म में लोकेश कनगराज , वामिका गब्बी , संजना कृष्णमूर्ति , थलईवासल विजय और बालाजी देवीप्रसाद अहम किरदार में नजर आ रहे हैं। इसका डायरेक्शन अरुण माथेश्वरन ने किया है।

## 'टॉक्सिक' की रिलीज आगे बढ़ाने का फैसला आत्मसम्मान का था : यश

मुंबई। साउथ सुपरस्टार यश इन दिनों अपनी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज को लेकर पहले रणवीर सिंह की 'धुरंधर: द रिवेंज' के साथ क्लैश की बात सामने आई थी। अब यश ने इस पूरे मामले पर अपनी राय दी है। फिल्म टॉक्सिक पहले 19 मार्च 2026 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन मिडिल ईस्ट में बनी अनिश्चितता के चलते इसकी रिलीज 4 जून कर दी गई। इसके बाद फिल्म की रिलीज फिर टाल दी गई। अब हाल ही में इंडिया टीवी के शो 'आप की अदालत' में यश ने फिल्म की रिलीज टालने और बॉक्स ऑफिस क्लैश को लेकर खुलकर बात की। यश ने साफ कहा कि फिल्म की रिलीज आगे बढ़ाने का फैसला इस डर से नहीं लिया गया कि बॉक्स ऑफिस पर 100 या 200 करोड़ रुपए का नुकसान हो जाएगा। उनके लिए यह फैसला पैसे या अहंकार का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का था। यश ने कहा कि अगर वह सिर्फ अपनी इमेज बचाने या



किसी को कुछ साबित करने के लिए फिल्म को उसी तारीख पर रिलीज करते, तो वह असली अहंकार होता। उनके लिए सबसे जरूरी यह था कि वह दर्शकों से किया हुआ अपना वादा पूरा कर पा रहे हैं या नहीं। एक्टर ने कहा कि उनका सबसे बड़ा डर फिल्म को लेकर था। अगर उन्हें लगता है कि वह दर्शकों को वह फिल्म नहीं दे पा रहे हैं, जिसका उन्होंने वादा किया था, तो वह पीछे हटने के बजाय आगे बढ़ना पसंद करेंगे। बॉक्स ऑफिस क्लैश को लेकर यश ने यह भी साफ किया कि उन्होंने कभी जानबूझकर किसी दूसरी फिल्म के साथ अपनी फिल्म का क्लैश नहीं किया। उन्होंने कहा, 'जो भी क्लैश आप बोल रहे हैं, उसमें मैं सीधे जाकर कभी क्लैश में नहीं आया। मेरी डेट पहले अनाउंस होती है और उसके बाद अगर कोई फिल्म आती है, तो वो क्लैश हो जाता है। यश ने यह भी कहा कि उन्हें जिंदगी में कुछ खोने का डर नहीं है। फिल्म 'टॉक्सिक' में यश मुख्य भूमिका में हैं। उनके अलावा कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत जैसी अभिनेत्रियां भी इसमें नजर आएंगी। यह फिल्म 26 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### ओटीटी पर लगेगा रोमांस और थ्रिल का छौंक

## इस वीक रिलीज होंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। सिनेमाघरों में बंटवारा 1947 सज गई है। आवारापन 2 भी खूब शानदार कलेक्शन जुटा रही है। वहीं, ओटीटी पर भी बीते सप्ताह काफी बहार रही। सोमवार से नया वीक शुरू हो गया है। ओटीटी पर सिनेमा देखने वालों को इस प्लेटफॉर्म की नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार होगा।*

### लैंटर्न्स

यह एक अमेरिकी सुपरहीरो सीरीज है। डीसी कॉमिक्स के ग्रीन लैंटर्न किरदारों, हैल जॉर्डन और जॉन स्टीवर्ट पर आधारित यह सीरीज डीसी यूनिवर्स की तीसरी टीवी सीरीज है। इसमें अनुभवी लैंटर्न जॉर्डन और नए रिक्रूट स्टीवर्ट को दिखाया गया है, जो धरती पर हुए एक मर्डर की जांच करते हैं। यह जांच एक बड़े रहस्य की ओर ले जाती है। इसे 17 अगस्त से अंग्रेजी के अलावा हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में जियो हॉटस्टार पर देखा जा रहा है।

### आउटर बैंक्स 5

यह लोकप्रिय एडवेंचर सीरीज है। आउटर बैंक्स का पांचवां और आखिरी सीजन भी इस वीक की ओटीटी रिलीज में शामिल है। यह 20 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। यह इस सीरीज का आखिरी सीजन है, जिसमें कुल 10 एपिसोड होंगे। इसके सभी एपिसोड एक साथ स्ट्रीम किए जाएंगे।




### वेलकम टू द जंगल

अक्षय कुमार, जैकलीन, रवीना टंडन, सुनील शेट्टी और अरशद वारसी समेत 30 से अधिक सितारों से सजी यह फिल्म सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर दस्तक देने को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह 21 अगस्त को ओटीटी पर रिलीज हो सकती है। इसे जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### सील टीम

यह अमेरिकी सीरीज है, जो सस्पेंस से भरी है। यह नेवी टीम की कहानी पर आधारित है, जो एक खतरनाक मिशन पर निकलती है। इसी के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी की उलझनों को भी सुलझाने की जिम्मेदारी इस टीम पर है। यह सीरीज 18 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### ठुकरा के मेरा प्यार सीजन 2

यह बदले की कहानी पर आधारित एक राजनीतिक रोमांटिक थ्रिलर सीरीज है। इस सीरीज के नए एपिसोड हर शुक्रवार को रिलीज होते हैं। यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होती है और लंबे वक्त से ट्रेंड में है।



### प्यार प्रेमा कल्याणम

फिल्म प्यार प्रेमा कल्याणम इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसे 21 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा। बता दें कि यह तमिल फिल्म है। यह हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में भी उपलब्ध होगी।

### जन नायकन

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री अभिनेता विजय की यह फिल्म भी इस बार ओटीटी पर दर्शकों को देखने को मिल सकती है। रिपोट्र्स के मुताबिक, यह फिल्म 21 अगस्त से जी5 पर स्ट्रीम होगी। हालांकि, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।